दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 286 जयपुर, मंगलवार, 24 सितंबर, 2024 | आश्विन, कृष्ण पक्ष-सप्तमी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### हेरिटेज निगम की महापौर मुनेश गुर्जर हुई सस्पेंड



**जयपुर।** जयपुर नगर निगम हेरिटेज की महापौर मुनेश गुर्जर को राज्य सरकार ने महापौर पद से सस्पेंड कर दिया है। स्वायत्त शासन विभाग की ओर से सोमवार शाम को निलंबन के ऑर्डर जारी कर दिए। इन ऑर्डर में साफ लिखा है कि एसीबी की ओर से भ्रष्टाचार और रिश्वत कांड में मुनेश गुर्जर को दोषी पाया गया था। इस संबंध में केस दर्ज है और राज्य सरकार की ओर से अभियोजन स्वीकृति भी जारी कर दी गई है। मुनेश ने नोटिस का जवाब भी दिया, लेकिन जवाब संतोषप्रद नहीं था।

*(पेज 2 भी देखें)*

### केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आज आएंगे जयपुर



**जयपुर।** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव मंगलवार सुबह 10:15 बजे जयपुर पहुंचेंगे। वे जयपुर में गांधीनगर जयपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य के निरीक्षण के साथ ही 'रेल रक्षक' का भी अवलोकन करेंगे। गांधीनगर जयपुर रेलवे स्टेशन पर प्रेस वार्ता को भी संबोधित करेंगे। उल्लेखनीय है कि गांधीनगर जयपुर रेलवे स्टेशन पर भारतीय रेलवे पर प्रथम बार 72 X 48 मीटर के एयर कॉनकोर्स के लिए गर्डर लॉन्चिंग की गई है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला:** बच्चों की अश्लील पोर्नोग्राफी पर मद्रास हाई कोर्ट के निर्णय को किया रद्द, कहा...

# 'चाइल्ड पोर्नोग्राफी कंटेंट देखना और डाउनलोड करना अपराध'

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बच्चों से जुड़े पोर्नोग्राफी कंटेंट के मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। सर्वोच्च अदालत ने कहा है कि इस तरह का कंटेंट देखना, प्रकाशित करना या डाउनलोड करना अपराध है। फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाई कोर्ट के उस फैसले को भी रद्द कर दिया, जिसमें इसे अपराध के दायरे में नहीं रखा गया था। मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदी वाला और जस्टिस मनोज मिश्र की पीठ ने की। कोर्ट ने केंद्र सरकार से चाइल्ड पोर्नोग्राफी की जगह 'बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री' शब्द इस्तेमाल करने के लिए कहा।



### हाई कोर्ट को कहा- आपने की गलती

जस्टिस जेबी पारदीवाला ने सर्व सम्मत फैसले में मद्रास हाई कोर्ट के फैसले पर कहा,' आपने (मद्रास हाई कोर्ट) आदेश में गलती की है। इसलिए हम हाई कोर्ट के आदेश को रद्द करते हुए मामले को वापस सेशन कोर्ट में भेजते हैं। दरअसल, मद्रास हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि बच्चों से जुड़े पोर्नोग्राफी कंटेंट को सिर्फ डाउनलोड करना या फिर देखना, पॉक्सों एक्ट या आईटी कानून के तहत अपराध के दायरे में नहीं आता।

### कोर्ट भी न करें इस शब्द का इस्तेमाल

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि संसद को 'चाइल्ड पोर्नोग्राफी' शब्द के स्थान पर 'बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री' (सीएसईएएम) शब्द रखने के उद्देश्य से पॉक्सो एक्ट में संशोधन लाने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए, ताकि ऐसे अपराधों की वास्तविकता को ज्यादा सटीक रूप से दर्शाया जा सके। जस्टिस पारदीवाला ने कहा, केंद्र सरकार अध्यादेश लाकर यह बदलाव करे। अदालतें भी इस शब्द का इस्तेमाल न करें। 'सीएसईएएम' शब्द सही तरीके से बताएगा कि यह महज अश्लील कंटेंट नहीं, बच्चे के साथ हुई घटना का एक रिकॉर्ड है। वो घटना जिसमें बच्चे का यौन शोषण हुआ या फिर ऐसे शोषण को विजुअली दिखाया गया हो।

### मद्रास हाई कोर्ट ने केस ही कर दिया था रद्द

मद्रास हाई कोर्ट ने इसी आधार पर मोबाइल फोन में बच्चों से जुड़े पोर्नोग्राफी कंटेंट रखने के आरोपी शख्स के खिलाफ चल रहे केस को रद्द कर दिया था। मद्रास हाईकोर्ट के फैसले के बाद जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन अलायंस एनजीओ और नई दिल्ली के एनजीओ बचपन बचाओ आंदोलन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 12 अगस्त को फैसला सुरक्षित रख लिया था। कंटेंट रखने की बात पर शीर्ष कोर्ट ने कहा, जब-जब ये कंटेंट शेयर किया जाता है और देखा जाता है, तब-तब बच्चे की मर्यादा और अधिकारों का उल्लंघन होता है। हमें एक समाज के तौर पर गंभीरता से इस विषय पर विचार करना होगा।

**सीएम भजनलाल शर्मा का जम्मू-कश्मीर दौरा... बोले**

# नेकॉ और कांग्रेस ने कश्मीर में आतंकवाद पहुंचाया चरम पर

- प्रधानमंत्री के मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर में बही विकास की बयार
- धारा 370 हटने से जेके में युवाओं को मिल रहे रोजगार के पर्याप्त अवसर

**एजेंसी** | कठुआ

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी केवल देश को तोड़ने की बात करते हैं। उन्हें सोचना चाहिए कि देश को तोड़ने का काम तो उनके पूर्वजों ने ही किया है। देश में आपातकाल, घोटाले तथा लूट की राजनीति करने वाली कांग्रेस केवल जनता से झूठे वादे करती है। जम्मू-कश्मीर में अब जनता इनके इरादों को समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर हिन्दुस्तान का मुकुट है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था में अद्वितीय सुधार हुआ है। जम्मू कश्मीर में न केवल आधारभूत ढांचा मजबूत हुआ है बल्कि यहां के लोगों का जीवन स्तर भी बढ़ा है। शर्मा ने जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव प्रचार के तहत सोमवार को 'बनी' विधानसभा प्रत्याशी जीवन लाल के समर्थन में कठुआ के दुग्गैन तथा दुग्गन सहित विभिन्न जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री के अभूतपूर्व नेतृत्व में पहले के जम्मू-कश्मीर और आज के जम्मू-कश्मीर में बड़ा बदलाव आया है। अब यहां के लोगों में नई उमंग-उत्साह दे रही है जो यहां विकास की रफ्तार के साथ आगे बढ़ रहे लोगों की खुशहाली का प्रतीक है।



### धारा 370 के हटने से जम्मू-कश्मीर में खुले विकास के द्वार

मुख्यमंत्री ने कहा कि धारा 370 का हटना जम्मू-कश्मीर के विकास में मील का पत्थर साबित हुआ है। इस फैसले से न केवल कश्मीर में विकास के द्वार खुले हैं, बल्कि पूरा देश भी एकजुट हुआ है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 लगाने के विरोध में केन्द्रीय मंत्रिपरिषद से इस्तीफा दे दिया था। उनका मानना था कि एक देश में दो निशान-दो विधान नहीं होने चाहिए। उन्हीं की भावना के अनुसार जम्मू-कश्मीर में धारा 370 को हटाया गया, जिससे यहां विकास की एक नई शुरुआत हुई। उन्होंने कहा कि एक समय था जब कश्मीर में आए दिन गोलियां चलती थीं और डर का साया रहता था। लेकिन आज डर का माहौल खत्म हो चुका है तथा स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटक भी क्षेत्र में अपने आप को सुरक्षित महसूस करते हैं। इससे जम्मू-कश्मीर की आय में भी वृद्धि हुई है।

### नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी

शर्मा ने कहा कि इस देश में सबसे ज्यादा समय तक राज करने वाली कांग्रेस सरकार ने कभी भी आमजन के हितों की परवाह नहीं की। नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर के युवाओं को बरगलाकर उन्हें आतंकवाद और अलगाववाद की आग में झोंक दिया, और आज वही पार्टियां लोगों के पास वोट मांगने आ रही हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे ऐसी पार्टियों तथा नेताओं से बचकर भाजपा को अपना वोट दें, जिससे घाटी के युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलें।

### केन्द्र की जनकल्याणकारी योजनाओं का मिल रहा लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री विकसित भारत 2047 की संकल्पना को पूरा करने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। उनके निर्णयों से जम्मू-कश्मीर की जनता को भी लाभ मिला है। शर्मा ने कहा कि पूरे देश में 4 करोड़ गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान मिला उनमें से 2.71 लाख से अधिक परिवारों को जम्मू-कश्मीर में लाभ मिला। गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत क्षेत्र के 72.41 लाख लोगों को निशुल्क राशन दिया गया। साथ ही, समग्र कृषि विकास कार्यक्रम के तहत जम्मू-कश्मीर के किसानों के लिए 5 हजार करोड़ रुपए की योजनाएं चलाई जा रही हैं। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने विकास की सभी योजनाओं से जम्मू-कश्मीर को जोड़ा है।

### जताया जीत का भरोसा, मतदान करने की अपील

मुख्यमंत्री भजनलाल ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत शांति एवं प्रगति के पथ पर बढ़ रहा है तथा जम्मू-कश्मीर उससे जुड़ा हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर की ऊंची-ऊंची पहाड़ियों से इतनी बड़ी संख्या में लोग बड़े उत्साह तथा उमंग के साथ अपना समर्थन देने आए हैं, जो यह दर्शाता है कि क्षेत्र में अधिक से अधिक सीटें भारतीय जनता पार्टी जीतेगी। शर्मा ने भाजपा प्रत्याशी जीवन लाल को अधिक से अधिक मतों से विजयी बनाने की अपील की। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह, भाजपा के स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

**मावली में मदरसे की जमीन को लेकर बवाल**

# सर्व हिन्दू समाज का जबरदस्त प्रदर्शन... छावनी में बदला कस्बा



**बेधड़क** | उदयपुर

उदयपुर के मावली में मदरसे के लिए आवंटित की गई जमीन को लेकर जमकर बवाल मच गया है। मदरसे के लिए आवंटित की गई इस जमीन को निरस्त करने की आवाज सर्व हिंदू समाज के बैनर तले बुलंद की गई। इस मांग को लेकर मावली कस्बे को बंद रखने का आह्वान किया गया, बंद पूरी तरह सफल रहा। पूरे दिन हजारों की तादाद में सर्व हिंदू समाज के लोगों का रैला मावली की सड़कों पर नजर आया। हालात को देखते हुए पूरे कस्बे के पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की ओर मावली में मदरसे के लिए जमीन आवंटित की गई थी। इस जमीन की आवंटन के बाद से ही मावली में इसका विरोध चल रहा था। लगातार बढ़ते विरोध के चलते जिला प्रशासन ने एसडीएम के मार्फत इसकी जांच करवाई। जांच में सामने आया कि मदरसे के लिए जो जमीन आवंटित की गई है, वह जल भराव क्षेत्र में आती है और अब्दुल रहमान प्रकरण से प्रभावित भी नजर आती है। एसडीएम की ओर से अपनी जांच रिपोर्ट जिला कलेक्टर को सौंपी गई। एसडीएम की रिपोर्ट के आधार पर जिला कलेक्टर ने जमीन को निरस्त करने की अग्रिम कार्रवाई के लिए राज्य सरकार को पत्र भी लिख दिया है।

### हजारों लोग पहुंचे, स्कूल रहे बंद

मदरसे की जमीन को निरस्त करवाने के लिए सोमवार को चित्तौड़गढ़ के सांसद सीपी जोशी, विधानसभा प्रत्याशी रहे कृष्ण गोपाल, बीजेपी देहात जिलाध्यक्ष चंद्रगुप्त सिंह, मावली नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष राजेश चपलोत सहित विश्व हिंदू परिषद तथा हिंदू समाज से जुड़े अन्य संगठनों के लोग मौजूद रहे। इस दौरान हजारों की तादाद में आसपास के गांव से भी लोग विरोध प्रदर्शन के लिए पहुंचे। प्रदर्शन को देखते हुए न सिर्फ कस्बा बंद रखा गया बल्कि कई निजी स्कूलों और सरकारी स्कूलों में आज के दिन अवकाश भी रखा गया।

### जनसभा के बाद सौंपा ज्ञापन

प्रदर्शनकारियों ने पहले तो एक विशाल जनसभा को संबोधित किया और उसके बाद जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मदरसे की जमीन को निरस्त करने की अपनी मांग से अवगत कराया जिला कलेक्टर की ओर से राज्य सरकार को लिखे गए पत्र के बाद यह माना जा रहा है कि राज्य सरकार अब जल्द ही इस मामले में बड़ा एक्शन ले सकती है।

**खतरे की एंट्री**

# भारत में मिला मंकी पॉक्स के खतरनाक स्ट्रेन क्लेड-1 का पहला मरीज

- केरल के मलप्पुरम में 30 साल के मरीज में स्ट्रेन की पुष्टि
- इस स्ट्रेन को डब्ल्यूएचओ घोषित कर चुका ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी
- खतरनाक वायरस से बचने के लिए इसके लक्षणों को समझना बेहद जरूरी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

अफ्रीका महाद्वीप में तबाही मचाने वाले मंकीपॉक्स वायरस का खतरनाक वेरिएंट, क्लेड-1 अब भारत पहुंच गया है। देश में इस घातक वायरस का पहला मामला केरल में सामने आया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने इस वायरस को गंभीरता से लेते हुए पिछले महीने ही इसे वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया था। केरल के स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक 38 वर्षीय एक व्यक्ति में क्लेड-1 स्ट्रेन की पुष्टि हुई है। यह व्यक्ति हाल ही में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से भारत लौटा था। इस मामले के सामने आने के बाद राज्य सरकार और स्वास्थ्य विभाग अलर्ट पर हैं।




### केरल के मल्लपुरम में मिला मरीज

केरल के मल्लपुरम में मिले इस मरीज को लेकर देशभर के लोगों की चिंता बढ़ गई है। क्योंकि मंकीपॉक्स का ये स्ट्रेन अफ्रीकी देशों में इन दिनों काफी ज्यादा फैल रहा है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, 'यह उस स्ट्रेन का पहला मामला है जिसके कारण डब्ल्यूएचओ ने पिछले महीने मंकीपॉक्स को दूसरी बार हेल्थ इमरजेंसी घोषित की थी।'

### दिल्ली में मिला था क्लेड 2 स्ट्रेन का मरीज

इससे पहले राजधानी दिल्ली में सामने आया मंकीपॉक्स का मामला पश्चिमी अफ्रीकी क्लेड 2 स्ट्रेन का था। हरियाणा के हिसार के 26 वर्षीय व्यक्ति में इस महीने की शुरुआत में इस स्ट्रेन की पुष्टि हुई थी। 2022 में WHO द्वारा मंकीपॉक्स को अंतर्राष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किए जाने के बाद से भारत में 30 मामले सामने आए हैं।

### स्वास्थ्य विभाग ने की स्ट्रेन की पुष्टि

स्वास्थ्य मंत्रालय की प्रवक्ता मनीषा वर्मा ने इस स्ट्रेन की पुष्टि की है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया था कि केरल के मलप्पुरम जिले में पिछले हफ्ते सामने आया मंकीपॉक्स का मामला क्लेड 1 का था।

## जरूरी खबर

### डिप्टी सीएम बैरवा ने मेघवाल से की मुलाकात



**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री के साथ राजस्थान में विकास के अहम मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई।

### अब किरोड़ीलाल मीणा ने RAS भर्ती पर उठाए सवाल



**जयपुर।** आरएएस भर्ती 2018 और 2021 में धांधली के आरोप के साथ ही डॉक्टर किरोड़ीलाल मीणा ने आरपीएससी के तत्कालीन अध्यक्षों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मीणा ने इन अध्यक्षों की भूमिका पर मिलीभगत करने के आरोप के साथ इनकी शिकायत की कॉपी मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव शिखर अग्रवाल को दी है। इस दौरान मीणा ने आएएस 2018 और 2021 पेपर लीक को लेकर सबूत भी सौंपे और कहा कि तीन मुख्य पूर्व अध्यक्ष दीपक उप्रेती, शिव सिंह राठौड़ और संजय श्रोत्रिय इसमें शामिल हैं। इनकी भूमिका की जांच सीबीआई या फिर एसओजी से कराने की मांग की। 2018 के आरएएस टॉपर की कॉपी को लेकर मीणा ने तत्कालीन अध्यक्ष दीपक उप्रेती पर संगीन आरोप लगाए।

### चरित्रहीन लोगों की पार्टी में नहीं होगी वापसी: बेनीवाल



**जयपुर।** पूर्व विधायक की कांग्रेस में वापसी को लेकर राजनीतिक गलियारों में चल रही चर्चाओं के बीच बाड़मेर जैसलमेर के सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने कहा कि चरित्रहीन और अनुशासनहीन नेताओं की वापसी नहीं होगी। सांसद ने कहा कि बाड़मेर जिले की जनता को पता है कि कौन चरित्रहीन नेता है। यह मुझे बताने की जरूर नहीं है। कुछ लोग पार्टी गाइडलाइन से हटकर चलते हैं। उनके लिए पार्टी में कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसे नेताओं की बाड़मेर की जनता और कांग्रेस से जुड़े लोगों के दिलों में कहीं भी जगह नहीं है। पार्टी फीडबैक मांगेगी तो क्षेत्र के लोगों की भावनाओं से अवगत कराया जाएगा। बेनीवाल ने कहा कि वापसी का फैसला तो पार्टी के बड़े नेता करेंगे।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ कोटा में हाइफा हीरो मेजर दलपत सिंह के बलिदान दिवस पर बोले...

# सरकार को भेजेंगे मेजर दलपत सिंह के पैनोरेमा बनाने का प्रस्ताव

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कोटा में हाइफा हीरो मेजर दलपत सिंह देवली के 106वां बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। इसके साथ ही भाजपा कोटा शहर जिला सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं से चर्चा की। कोटा प्रवास के दौरान जयपुर से लेकर कोटा तक रास्ते में कई जगहों पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। राठौड़ ने सभी कार्यकर्ताओं की ओर से मिले स्नेह, प्यार और मान सम्मान का आभार व्यक्त किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने रावणा राजपूत समाज की मांग पर घोषणा की कि देवली में मेजर दलपत सिंह के पैनोरेमा बनाने का प्रस्ताव सरकार को भेजा जाएगा।

भाजपा सरकार इस ओर जल्द सकारात्मक कदम उठाएंगी। राठौड़ ने कहा कि हाइफा युद्ध में अपनी अद्वितीय प्रतिभा का परिचय देने वाले मेजर दलपत सिंह हम सभी के लिए सम्माननीय है। देश-विदेश में जिनकी गौरव गाथा प्रसिद्ध है ऐसे महान योद्धा को नमन करता हूं। मेजर दलपत सिंह का शौर्य, साहस और बलिदान किसी एक समाज के लिए नहीं, बल्कि सभी वर्ग, समाज के लिए प्रेरणादायक है।



### अब सिर जोड़कर जीता जाता है युद्ध

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एक दौर वो था, जब सिर काटकर युद्ध जीता जाता था, लेकिन आज राजनीति में सिर जोड़कर युद्ध जीता जाता है। राजनीति में सभी समाजों को एक साथ लेकर चलने वाले को राजनीतिक पार्टियां स्थान देती है। राजनीति में सेवा भाव से कार्य करने वाले और सर्व समाज को साथ लेकर चलने वाले व्यक्ति को भाजपा भी घर से बुलाकर तिलक करती है। भाजपा रावणा राजपूत समाज की कर्जदार है। मेरा समाज की बहनों से आह्वान है कि वे आगे बढ़े और राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाए।

### पीएम मोदी को प्रदान करनी है मजबूती

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कोटा शहर जिला सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता आम नागरिक तक पहुंचे और उसे भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाएं। आज देश में अराजकता की स्थिति बनाने की कोशिशें की जा रही है। रेल की पटरी उखाड़ने का कार्य किया जा रहा है। देश में विकृत मानसिकता के लोग निर्दोष लोगों को मारने का षडयंत्र रच रहे हैं। इस पर हम सभी को विचार करना होगा।

### केंद्रीय रक्षा मंत्री ने जयपुर में सैनिक स्कूल का किया उद्घाटन

# अर्थव्यवस्था में प्राइवेट सेक्टर का बड़ा योगदान: राजनाथ

**बेधड़क** | जयपुर

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज पीपीपी मोड की भूमिका बदल गई है। अब तक इसे पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप कहा जाता था, लेकिन इसे प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप कहना ज्यादा उचित हैं, क्योंकि आज प्राइवेट सेक्टर की भूमिका पब्लिक सेक्टर से कहीं ज्यादा हो गई है। देश की अर्थव्यवस्था में सबसे बड़ा योगदान प्राइवेट सेक्टर का रहता है। रक्षामंत्री सोमवार को जयपुर में सैनिक स्कूल के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का राजस्थानी अंदाज में स्वागत किया गया। साथ ही उन्हें कैडेट्स ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। रक्षामंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वे खुद एक शिक्षक रह चुके हैं, इसलिए शैक्षणिक संस्थाओं में जाना उन्हें पसंद है। इस दौरान उन्होंने राजस्थान को वीरों की धरती बताते हुए कहा कि इस धारा में शौर्य वीरता कण-कण में रची बसी है।

उन्होंने कहा कि यहां के बच्चे सेना में जाने के लिए दौड़ लगाते हैं। ये उनका जज्बा है। उन्होंने जयपुर की विरासत और संस्कृति का बोलते हुए कहा कि भारत आने वाला हर एक प्रवासी जयपुर आना पसंद करता है। उन्होंने देश में 100 नए सैनिक स्कूल खोलने के पीछे के कारण को बताते हुए कहा कि देश में अब तक जो स्कूल रहे, उसमें केंद्र सरकार के साथ ही राज्य सरकार की भूमिका रहती है, लेकिन अब पीपीपी मोड पर 100 सैनिक स्कूल संचालित किए जा रहे हैं।

हालांकि, ये पीपीपी मोड पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप नहीं, बल्कि प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप है। ऐसा इसलिए, क्योंकि देश की इकोनॉमी में भी अब प्राइवेट की भूमिका अहम हो गई है। देश की कृषि का बड़ा हिस्सा अब प्राइवेट सेक्टर में हैं। इकोनॉमी के दोनों सेक्टर में प्राइवेट सेक्टर की भूमिका ज्यादा हो गई है। उन्होंने कहा कि शिक्षा को भारत में समाज और राष्ट्र के आधार के रूप में देखा गया। उन्होंने कहा कि सैनिक स्कूल की स्थापना कई कारणों से महत्वपूर्ण है। ये स्कूल छात्रों को केवल पढ़ाई ही नहीं उनमें मूल्यों का समावेश करते हैं, उनमें साहस वीरता का भाव भरते हैं, उन्हें देशभक्ति के लिए प्रेरित करते हैं। सैनिक स्कूलों ने देश को अनेक बड़े व्यक्तित्व दिए हैं। मौजूद आर्मी और नेवी चीफ ने भी सैनिक स्कूलों से ही पढ़ाई की है और भी कई उदाहरण हैं।

उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आप मेहनत करने से कभी मत कतराना, तपकर ही व्यक्ति निखरता है। जी तोड़ मेहनत से आगे बढ़ना है, वहीं शिक्षकों से कहा कि विद्यालय की गरिमा हमेशा बनी रहे। ये प्रयास होना चाहिए। सैनिक स्कूल की विरासत हमेशा बनी रहे। उन्होंने श्री भवानी निकेतन शिक्षा समिति की मांग पर उन्हें स्कूल के लिए सेना के पुराने टैंक और वाहन उपलब्ध कराने की हर संभव मदद करने की बात कही। कार्यक्रम में सैनिक कल्याण मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, सांसद मंजू शर्मा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ और पूर्व सांसद रामचरण बोहरा भी मौजूद रहे।






### नए भारत में किसी का भी दखल बर्दाश्त नहीं: डिप्टी सीएम दिया कुमारी

डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को जयपुर को सैनिक स्कूल की सौगात देने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वो खुद एक सैनिक की बेटी हैं और इस पर उन्हें गर्व है। राजस्थान में बड़ी संख्या में सैनिकों के परिवार रहते हैं। यहां सैनिक स्कूल खुल जाने से ऐसे परिवारों को मदद मिलेगी। 2014 के बाद पीएम और रक्षा मंत्री ने साफ किया कि अब देश में रक्षा को लेकर मजबूत घेरा है, इसलिए चिंता की बात नहीं हैं। नए भारत में किसी का दखल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि त्योहारों पर पीएम जवानों का मनोबल बढ़ाते हैं। सेना के साथ सरकार खड़ी हैं। खुद रक्षा मंत्री भी इस बात का संदेश देते रहे हैं। 2021 में केंद्र ने 100 सैनिक स्कूल की स्वीकृति दी थी। अब स्कूल की पढ़ाई भी देश भक्ति की भावना के साथ होगी। स्कूल प्राचार्य मनीषा सिंह ने इस प्रोजेक्ट की सराहना करते हुए कहा कि भारत में सैनिक स्कूल पीपीपी मोड शुरू किया जा रहे हैं। इसमें 60% कोटा स्कूल कैडेट्स के लिए रिजर्व होता है,जबकि 40% सीट केंद्र से अलॉट होती हैं। छात्र एनटीए का एग्जाम देकर स्कूल का पार्ट बन सकते हैं। इससे स्टेट के बच्चों को भी लाभ मिलेगा और स्कूल में देशभर से प्रतिभावान छात्र भी संस्थान से जुड़ेंगे।

### छात्र ने तोड़ा सुरक्षा घेरा

यहां उद्घाटन के बाद कई लोगों ने अपनी मांगों को लेकर राजनाथ सिंह से मुलाकात करने की भी कोशिश की। इस दौरान एक कैडेट ने अपनी मां के ट्रांसफर के लिए रक्षामंत्री का सुरक्षा घेरा तक तोड़ दिया। ऐसे में सुरक्षाकर्मी उसे उठाकर पीछे की ओर धकेल दिया। हालांकि तुरंत ही उसे फिर बुलाया गया। राजनाथ सिंह ने छात्र की बात सुनी हालांकि वह अपनी परेशानी का पत्र सौंप रहा था, लेकिन राजनाथ सिंह ने छात्र से उसकी एप्लीकेशन नहीं ली। 10वी का छात्र हर्ष भारद्वाज ने बताया कि वह जयपुर में रहकर अकेले पढ़ाई करता है। उसकी मां झालावाड़ में सरकारी शिक्षक है। वह अकेले जयपुर में है इसलिए वह चाहता है कि उसकी मां का तबादला जयपुर हो।



### प्रदेश में फिर बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

# IAS-IPS के बाद अब 183 RAS के तबादले

**बेधड़क** | जयपुर

भजनलाल सरकार ने सोमवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 183 आरएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। कार्मिक विभाग ने सूची जारी की है। सभी अधिकारियों को तुरंत नए पदों पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। बता दें इससे पहले, कार्मिक विभाग ने रविवार देर रात को 22 आईएएस और 58 आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए थे, जबकि 12 अधिकारियों को अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है, इनमें आठ आईएएस और चार आईपीएस शामिल हैं।

सीएम के संयुक्त सचिव जसवंत सिंह का तबादला कर बीकानेर के अतिरिक्त संभागीय आयुक्त के पद पर भेजा गया है। राजेश सिंह को महिला अधिकारिता विभाग के असिस्टेंट डायरेक्टर से राजस्थान पर्यटन विकास निगम के कार्यकारी निदेशक (ED) के पद पर पोस्टिंग दी गई है। स्पोर्ट्स काउंसिल के सचिव सुनील भाटी का तबादला हायर एजुकेशन डिपार्टमेंट में एडिशनल डायरेक्टर के पद पर किया है। वहीं, प्रियंका जोधावत को संस्कृत शिक्षा विभाग के आयुक्त पद की जिम्मेदारी दी गई है।

पीएचईडी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी के SA लोकेश कुमार सहल का तबादला पीएचईडी के संयुक्त सचिव के पद पर किया गया है। PHED के उप सचिव शंकरलाल सैनी अब कन्हैया लाल चौधरी के नए SA होंगे। वन राज्य मंत्री संजय शर्मा के प्राइवेट सेक्रेटरी डॉ. भास्कर बिश्नोई का तबादला राजस्व अपील अधिकारी, पाली के पद पर किया गया है। सीमा शर्मा संस्कृत विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार जयपुर शहर उत्तर की ADM सीमा शर्मा-1 का तबादला राजस्थान संस्कृत यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार के पद पर किया है, वहीं बाड़मेर की ADM हरीतिमा का तबादला जयनारायण व्यास यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार के पद पर किया गया है।

### भ्रष्टाचार के मामले में कार्रवाई

# हेरिटेज नगर निगम मेयर मुनेश गुर्जर निलंबित

**बेधड़क** | जयपुर

हेरिटेज नगर निगम की महापौर मुनेश गुर्जर को भ्रष्टाचार के मामले में आखिरकार निलंबित कर दिया गया है। सोमवार को सरकार की ओर से महापौर के निलंबन के आदेश जारी किए गए। सरकार की ओर से 18 सितंबर को दिए गए नोटिस का जवाब संतोषप्रद नहीं होने के चलते स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक कुमार पाल गौतम ने महापौर के सस्पेंशन ऑर्डर जारी किए।

मुनेश गुर्जर को महापौर पद के साथ-साथ वार्ड 43 पार्षद पद से भी निलंबित किया गया है। स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक कुमार पाल गौतम ने बताया कि मुनेश गुर्जर की ओर से पट्टा जारी करने की एवज में रिश्वत राशि प्राप्त करने से संबंधित प्रकरण में स्थानीय निकाय विभाग के उपनिदेशक (क्षेत्रीय) को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया था। जांच अधिकारी ने मुनेश गुर्जर को सुनवाई का अवसर देते हुए, रिपोर्ट विभाग को भेजी।

### तीसरी बार सस्पेंड

ये तीसरा मौका है जब मुनेश गुर्जर को उनके पद से निलंबित किया गया है। इससे पहले 5 अगस्त 2023 और 26 सितंबर 2023 को भी उन्हें सस्पेंड किया जा चुका है, लेकिन दोनों बार उन्हें राहत मिली और वो दोबारा मेयर की कुर्सी पर आकर बैठीं। अभी भी मुनेश गुर्जर की एसीबी में दर्ज एफआईआर को रद्द करने की याचिका पर कोर्ट में मामला विचाराधीन है। जिस पर दो सप्ताह बाद सुनवाई होगी।

### 'विदेश में भारतवंशी संस्कृति' विषयक वेबिनार को किया संबोधित

# राज्यपाल बागडे बोले-भारतवंशी भारतीय संस्कृति के सच्चे संवाहक

**बेधड़क** | जयपुर

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि जहां-जहां भारतवंशी गए हैं, उस देश के विकास में अपना योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि भारतवंशियों ने अपनी परंपरागत विशेषताओं को स्थानीय सांस्कृतिक धारा में सम्मिलित करके विदेशी राष्ट्रों को समृद्ध किया है। बागडे सोमवार को राजभवन से कनाडा में आयोजित 'विदेश में भारतवंशी संस्कृति' विषयक वेबिनार में संबोधित कर रहे थे।

बागडे ने इस दौरान कहा कि भारतवंशी जहां-जहां बसे हैं, वहां के राष्ट्रीय एवं सामाजिक जीवन में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने राजस्थान के उन लोगों को भी स्मरण किया जिन्होंने विदेशों में जाकर राज्य व देश का नाम रोशन किया है।

राज्यपाल ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 'गुरुजी' का स्मरण करते हुए कहा कि वह कहा करते थे, 'यह संपूर्ण विश्व मेरा घर है।' उन्होंने कहा कि गुरुजी यह बात इसीलिए कहते थे कि भारतवंशी कहीं भी जाते हैं तो उस देश को अपना घर मानकर वहां के विकास के लिए कार्य करते हैं। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा की भी इस दौरान विशेष चर्चा की तथा कहा कि आचार्य कणाद ने सबसे पहले परमाणु संरचना पर विश्वभर में प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शून्य एवं दशमलव की खोज भारत में ही हुई। इस खोज ने ही विश्वभर में गणितीय जटिलताओं को खत्म किया है। उन्होंने जगदीशचंद्र बसु द्वारा 'माइक्रोवेव', 'बायोफिजिक्स' और 'प्लांट न्यूरोबायोलॉजी' के प्रवर्तक रहने और आचार्य प्रफुल्ल चंद्र रे द्वारा 'हिंदू रसायन विज्ञान के इतिहास' आदि की चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय विज्ञान आरंभ से ही समृद्ध रहा है। इसने विश्वभर को विकास की प्रेरणा दी।



### 'संत देते हैं आदर्श जीवन जीने की सीख'

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे सोमवार को राजापार्क स्थित श्री गोपाल मंदिर पहुंचे और उन्होंने वहां चक्रधर प्रभु जी और भगवान गोविंद प्रभु जी महाराज की पूजा अर्चना कर उनसे राष्ट्र और राज्य की समृद्धि और खुशहाली की कामना की। बागडे ने बाद में कहा कि चक्रधर स्वामी और गोविंद प्रभु जी महाराज के अवतार उत्सव पर उनकी दी हुई शिक्षाओं से हमें प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि संतों का जीवन आदर्श जीवन जीने की सीख देते हैं। चक्रधर स्वामी जी और गोविंद प्रभु जी महाराज ने समाज में फैली कुरीतियों को दूर कर रूढियों के बंधन से मुक्त किया। सर्वज्ञ चक्रधर स्वामी जी के जीवन और आदर्शों की चर्चा करते हुए राज्यपाल बागडे ने कहा कि वह वैष्णवाद परंपरा के प्रमुख प्रतिपादक ही नहीं थे बल्कि जाति, धर्म भेद से परे उन्होंने मानवता के धर्म को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि चक्रधर स्वामी ने 'महानुभव पंथ' की स्थापना की और इसके जरिए से समाज के सभी वर्गो को जोड़ने का काम किया।



### मराठी भाषा के जन्मदाता चक्रधर स्वामी

बागडे कहा कि भगवान चक्रधर स्वामी मराठी भाषा के जन्मदाता माने जाते हैं। कवयित्री महदंबा उनकी शिष्या थीं। मराठी के आद्यग्रंथ लीलाचरित्र में चक्रधर स्वामी की जीवनी समाविष्ट है। राज्यपाल ने कहा कि 'महानुभव पंथ' में पांच कृष्णों के विचार प्रमुख हैं। यह पांच कृष्ण, श्री दत्तात्रेय प्रभु, श्री चक्रपाणि, श्री गोविंदा प्रभु और स्वयं श्री चक्रधर स्वामी। उन्होंने कहा कि चक्रधर स्वामी जन-जन से जुड़े आलोक-पुरुष थे। उन्होंने जनता में एकता और समभाव का संदेश दिया। चक्रधर स्वामी ने अपने उपदेश मराठी भाषा में ही दिए।

## ‖ जरूरी खबर ‖

### राजस्थान निर्माण मजदूरों ने मनाया काला दिवस




**जयपुर।** राजस्थान निर्माण मजदूर यूनियन (सीटू) के नेतृत्व में सोमवार को शुभ शक्ति योजना शुरू करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर रैली निकाली गई। राजस्थान में जयपुर, जोधपुर, सीकर, गंगानगर, हनुमानगढ़, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, डूंगरपुर, बाड़मेर, बालोतरा, उदयपुर सहित राज्य के कई भागों में केंद्रीय श्रम संगठनों के आह्वान पर कई स्थानों पर सीटू ने स्वयं और अनेक स्थानों पर केंद्रीय श्रम संगठनों के साथ काले दिवस के रूप में मनाया। जयपुर में सगंठन कार्यालय से बड़ी संख्या में निर्माण मजदूर रैली के रूप में श्रम कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने सभा के रूप में कार्यक्रम को समाप्त किया। इससे पहले संगठन के पदाधिकारियों ने श्रम आयुक्त राजस्थान सरकार को ज्ञापन सौंपा।

### डेंगू-मलेरिया के लिए स्पेशल OPD की व्यवस्था

**जयपुर।** मानसून के बाद अब प्रदेश में मौसमी बीमारियां तेजी से बढ़ने लगी है। इसका असर सबसे ज्यादा हॉस्पिटल की ओपीडी पर देखने को मिल रहा है। जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में बढ़ते दबाव को कम करने और मरीजों को राहत देने के लिए प्रिंसिपल डॉक्टर दीपक माहेश्वरी ने हॉस्पिटल में 12 घंटे की नॉन स्टॉप ओपीडी संचालित करने का फैसला किया है। डॉक्टर माहेश्वरी ने बताया कि ये ओपीडी 24 सितंबर यानी मंगलवार से शुरू होगी, जो इमरजेंसी के सामने स्थित भवन में संचालित होगी। इस ओपीडी में सुबह 8 से शाम 8 बजे तक राउंड दि क्लॉक में जनरल मेडिसिन के डॉक्टर बैठेंगे, जो केवल मौसमी बीमारी से पीड़ित मरीजों को ही देखेंगे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

**जयपुर समेत 41 विधानसभा क्षेत्रों में बनेगी कनेक्टिंग रोड, 206 करोड़ रुपए होंगे खर्च**

# प्रदेश में 52 अटल पथ बनाएगी सरकार, PWD ने दी स्वीकृति

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश की भाजपा सरकार बेहतर कनेक्टिविटी के लिए जयपुर समेत 41 विधानसभा क्षेत्रों में 52 अटल पथ का निर्माण कराएगी। सोमवार को पीडब्ल्यूडी की ओर से इस संबंध में वित्तीय स्वीकृति जारी की है।

योजना के अनुसार 52 अटल पथ के निर्माण पर सरकार करीब 206 करोड़ रुपए खर्च करेगी। इसमें जयपुर के चौंमू, झोटवाड़ा और आमेर विधानसभा क्षेत्र के गांव और कस्बों को शामिल किया गया है। यहां 6 जगह अटल पथ बनाए जाएंगे। उपमुख्यमंत्री और सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री दिया कुमारी ने बताया- प्रदेश में लगभग 206.35 करोड़ रुपए की लागत के इन अटल प्रगति पथों के निर्माण करवाया जाएगा। बजट घोषणा के क्रम में 10,000 से ज्यादा की आबादी के गांवों में एक मुख्य सड़क को जिसकी लंबाई 1 से 3 किमी के बीच हो को अटल प्रगति पथ के रूप में विकसित किया जाएगा। यह अटल पथ सीमेंट कंक्रीट का बनेगा, जो 7 मीटर चौड़ा होगा। इसके दोनों ओर बरसात के पानी की निकासी के लिए ड्रेनेज लाइन (नालियां) भी बनाई जाएगी।



### इन विधानसभा में बनेंगे अटल पथ

किशनगढ़, पुष्कर, सोजत, जैतारण, मांडल, डेगाना, मेड़ता, शाहपुरा (शाहपुरा) गढ़ी, घाटोल, पचपदरा, बाड़मेर, राजाखेड़ा, हिण्डौन ,रतनगढ़, सुजानगढ़ ,तारानगर, नोहर, पिलानी, सूरजगढ़, शाहपुरा (जयपुर), झोटवाड़ा, आमेर, झालरापाटन, डीग, पीपल्दा, लालसोट, खण्डार, बाली, सोजत, बिलाड़ा, लूणी और रेवदर विधानसभा क्षेत्रों में एक-एक अटल पथ, जबकि डीडवाना, सिवाना, दांतारामगढ़, सिकराय, भोपालगढ़, ओसियां विधानसभा क्षेत्र में 2-2 और चौमूं, जालौर विधानसभा क्षेत्र में 3-3 अटल पथ बनाए जाएंगे।

### जयपुर के इन क्षेत्रों में मिलेगी अब बेहतर कनेक्टिविटी

चौंमू विधानसभा क्षेत्र के कालाडेरा गांव में पावर हाउस से मंडी छीपा मोहल्ला होते हुए, पंचायत कार्यालय, बालाजी खाती मोहल्ला होकर मुख्य बस स्टेंड की ओर। गांव ईटावा भोप जी में एसएस-37ई ईटावा ढहर दुग्ध डेयरी से दौलत सिंह का बास होते हुए भोमिया जी की जोड़ी चिमनपुरा की ओर। गांव मोरिजा में एस.एच.-8बी मोरिजा मुख्य आबादी से होते हुए अन्नतपुरा सड़क तक। वहीं झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के गांव निवारू में निवारू गैस गोदाम से बोयथावाला सीमा तक वाया चित्रकूट, विनायक विहार, शोर्य वाटिका कॉलोनी में अटल पथ बनेंगे। ऐसे ही आमेर विधानसभा के अचरोल गांव में सीसी सड़क निर्माण कार्य एच.एच.- 248 बस स्टेण्ड से बोधानी-अचरोल वाया अचरोल मुख्य बाजार तक किया जाएगा।

**सब्जियों के दाम छू रहे आसमान, फिलहाल राहत के आसार नहीं**

# प्याज निकाल रहा आंसू, 40 रुपए किलो बिक रहा आलू

- थाली से गायब हो रही सब्जियां, महंगाई ने बिगाड़ा बजट
- भारी बारिश के चलते फसलें हुई चौपट, मंडियों में घटी आवक

बेधड़क | जयपुर

आजकल आम सब्जी माना जाने वाला आलू भी खास हो गया है और प्याज लोगों के आंसू निकाल रहा है। खाने की थाली से आलू और प्याज धीरे-धीरे गायब हो रहे हैं। दरअसल, इन दिनों सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। हरी सब्जियां लोगों की पहुंच से दूर होती जा रही हैं।

सब्जियों ने आम आदमी के घर का बजट बिगाड़ कर रख दिया है। लौकी, टमाटर, भिंडी, गोभी कोई भी सब्जी महंगाई की मार से अछूती नहीं रही है। हर सीजन में बिकने वाले आलू और प्याज भी आम आदमी की रसोई में नजर नहीं आ रहे हैं। जिसका कारण कीमतों में बढ़ोतरी बताई जा रही है। सब्जी विक्रेताओं के अनुसार अगले एक-डेढ़ महीने तक कीमतों में गिरावट की कोई संभावना नहीं है। व्यापारियों का कहना है कि भारी बरसात से सब्जी की फसल चौपट हो गईं, जिससे मंडियों में आवक कम हो रही है। खपत के अनुसाल माल कम आने से सब्जियों के भाव अब आसमान छू रहे हैं। अभी दूसरे राज्यों से भी सब्जियां मंगाई जा रही हैं।



### सब्जियों के दाम प्रति किलो

| सब्जी | पहले | अब |
|---|---|---|
| गोभी | 70 से 80 रुपए | 120 रुपए |
| शिमला | 70 से 80 रुपए | 120 रुपए |
| प्याज | 50 रुपए | 70 रुपए |
| टमाटर | 40 रुपए | 60 रुपए |
| भिंडी | 60 रुपए | 80 रुपए |
| हरी मिर्च | 55 रुपए | 80 रुपए |

### दो गुना हुए सब्जियों के दाम

सब्जियों के दामों की बात करें तो बीस रुपए किलो बिकने वाला आलू चालीस रुपए में बिक रहा है, बीस रुपए किलो बिकने वाला टमाटर साठ रुपए में बिक रहा है, तीस से चालीस रुपए किलो बिकने वाली गोभी एक सौ बीस रुपए में बिक रही है, तीस रुपए किलो बिकने वाला प्याज साठ रुपए में बिक रहा है, चालीस रुपए किलो बिकने वाली शिमला मिर्च अस्सी रुपए में बिक रही है, तीस रुपए किलो बिकने वाला खीरा चालीस रुपए में बिक रहा है, चालीस रुपए किलो बिकने वाला अरवी साठ रुपए में बिक रहा है और गोभी पचास रुपए किलो तक बिक रही है।

### टिंडा की पैदावार कम

इस बार जयपुर और आसपास के जिलों में हर साल की तुलना में टिंडा की पैदावार बहुत कम हुई। हर साल टिंडा का लाखों रुपए का कारोबार होता है। आमतौर पर बीस रुपए किलो बिकने वाला टिंडा इस बार साठ से अस्सी रुपए किलो बिक रहा है। वहीं भिंडी और गोभी के दाम भी ऊंचाई पर हैं। जयपुर की मुहाना मंडी में दूसरे प्रदेशों से सब्जी मंगाई जा रही है। बारिश के बाद एकदम से सब्जियों के दामों में बढ़ोतरी हुई है। इससे ग्राहकी में भी कमी आई है। लोगों को बढ़ती महंगाई के कारण समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

### किलो की जगह आधा किलो से काम

सब्जी खरीदने आए ग्राहकों का कहना है कि सब्जियां काफी महंगी हैं, इसलिए एक किलो की जगह आधा किलो से काम चला रहे हैं। लोगों का कहना है कि दिन में एक टाइम सब्जी पर 100 रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं। बरसात से पहले भी सब्जियों का यही हाल था। इस बार लहसून तो पूरे सीजन में 300 से 400 किलो तक बिक रहा है। अदरक और हरी मिर्च भी रसोई से दूर हो रही है। वहीं सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि आने वाले एक-डेढ़ महीने तक कीमतों में राहत मिलने की उम्मीद नहीं है।

**डॉक्टर पर लापरवाही के आरोप**

# गलत इंजेक्शन से कोचिंग छात्र की मौत

- जयपुर में कॉम्पटिशन की तैयारी कर रहा था मृतक छात्र योगेश

बेधड़क | जयपुर

जयपुर में एक कोचिंग छात्र की हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत हो गई। परिवार का आरोप है कि डॉक्टर ने बुखार होने पर ड्रिप के साथ गलत इंजेक्शन लगा दिया। इंजेक्शन लगाते ही बुखार से पीड़ित छात्र के मुंह से झाग आने लगे थे। करधनी थाना पुलिस ने कांवटिया हॉस्पिटल की मोर्चरी में पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के पिता की शिकायत पर डॉक्टर के खिलाफ लापरवाही के चलते मौत होने का मामला दर्ज किया है।

एसआई चमन लाल ने बताया- सांभरलेक निवासी लालाराम चौधरी (39) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उन्होंने बताया कि उनका बेटा योगेश चौधरी (18) गोविन्दपुरा करधनी के प्रताप नगर में किराए से रहकर कॉम्पिटिशन की तैयारी कर रहा था। 20 सितम्बर को दोपहर करीब 12 बजे बेटे योगेश की तबीयत खराब हो गई। योगेश अपने दोस्त भूपेन्द्र के साथ निवारू लिंक रोड गोविन्दपुरा स्थित श्रीबालाजी क्लिनिक पहुंचा। क्लिनिक पर डॉक्टर राजेन्द्र कुमावत को बुखार व बैचेनी होना बताया। आरोप है कि डॉ. राजेन्द्र कुमावत ने ड्रिप लगाकर योगेश को इंजेक्शन दिया। इंजेक्शन लगाते ही योगेश को उल्टी आना शुरू हो गई। मुंह से झाग निकलने लगे।



### दूसरे अस्पताल लेकर पहुंचे

योगेश की बिगड़ी तबीयत को देखकर डॉ. राजेन्द्र कुमावत भी घबरा गया। दोस्त भूपेन्द्र को बोला- इसको दूसरे हॉस्पिटल लेकर चलना पड़ेगा। डॉ. राजेन्द्र और दोस्त भूपेन्द्र क्लिनिक से बेहोशी की हालत में योगेश को टेम्पो से विद्याधर नगर स्थित दाना शिवम हॉस्पिटल ले जाने के लिए निकले। रास्ते में रावण गेट पर स्थित एस.जी.के हॉस्पिटल में भी योगेश को दिखाया। हॉस्पिटल के डॉक्टर्स ने चैकअप कर योगेश की हालत गंभीर देखकर तुरंत SMS हॉस्पिटल ले जाने के लिए कहा। उसके बाद गंभीर हालत में योगेश को दाना शिवम हॉस्पिटल विद्याधर नगर ले गए। डॉक्टर्स के चैक कर योगेश को मृत घोषित कर दिया।

**लापरवाही बरतने पर कार्रवाई, जेडीसी ने मांगा जवाब**

# जेडीए के 23 अधिकारियों को नोटिस

बेधड़क | जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण में लापरवाही बरतने वाले 23 अधिकारी-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। जयपुर विकास आयुक्त आनंदी ने सख्ती दिखाते हुए जेडीए पोर्टल पर ऑनलाइन सेवाओं से संबंधित पत्रावलियां लंबित रहने पर इन अधिकारी-कर्मचारियों को नोटिस जारी किए। जेडीसी आनंदी ने निर्देश दिए थे कि अधिकारी-कर्मचारी अपने खाते में लंबित चल रही पत्रावलियों का त्वरित निस्तारण करें। साथ ही जन उपयोगी सेवाओं से संबंधित ऑनलाइन पत्रावलियों का समय पर निस्तारण नहीं किए जाने के संबंध में तीन दिन में जेडीए सचिव को लिखित में स्पष्टीकरण पेश करने के निर्देश दिए थे। ऐसे में लापरवाही बरतने वाले 23 अधिकारी-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। जयपुर विकास आयुक्त आनंदी ने बताया कि पत्रावलियों की जांच करने पर संज्ञान में आया कि विभिन्न जन उपयोगी सेवाओं से संबंधित ऑनलाइन पत्रावलियों का निर्धारित समयावधि में निस्तारण किया जाना अपेक्षित है। ऑनलाइन सेवाओं से संबंधित प्रकरणों की पत्रावलियां 23 अधिकारी-कर्मचारियों के खाते में सात दिन से भी ज्यादा समय से लंबित थी। ऐसे अधिकारी-कर्मचारियों से जवाब मांगा है।



**नगर निगम ग्रेटर के बाहर शहर की समस्याओं को लेकर धरना**

# कांग्रेस पार्षदों ने निगम प्रशासन की निकाली अर्थी

बेधड़क | जयपुर

नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय के सामने सोमवार को कांग्रेस के पार्षदों और जनता ने मिलकर धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान निगम प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शनकारियों ने अर्थी लेकर विरोध जताया।

दरअसल, जनता से जुड़े सीवरेज, सफाई, और सड़कों की समस्याओं का समाधान नहीं होने पर पार्षद और स्थानीय लोग नाराज थे। इससे पहले विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारी निगम प्रशासन की अर्थी लेकर पहुंचे और मुख्यालय के गेट पर बैठ गए। नगर निगम ग्रेटर में प्रदर्शन कर रहे पार्षदों ने बताया- बारिश के बाद जयपुर शहर में हालात बहुत खराब हो गए। मानसरोवर, सांगानेर समेत अन्य जोन एरिया में अधिकांश सड़कें टूट गई और यहां बड़े-बड़े गड्ढे हो रहे हैं। इस कारण यहां आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। लोगों को परेशानी हो रही है। शहर में समय पर सफाई नहीं होने जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं। करीब आधे घंटे तक प्रदर्शन के बाद कांग्रेसी पार्षदों का दल कमिश्नर रुकमणी रियाड़ से मिलने पहुंचा। यहां प्रतिनिधि मंडल ने कमिश्नर को ज्ञापन सौंपकर आमजन की समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण करने की मांग की।



### सीवर जाम, रोड लाइटें बंद

शहर में इन दिनों सबसे ज्यादा परेशानी सीवर लाइन और चैंबर जाम की है। पार्षद और आमजन हर स्तर पर शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। पार्षदों के ज्ञापन में खराब रोड की शिकायतों का भी जिक्र है। इसमें बताया कि अभी पूरे शहर में 7 हजार से ज्यादा रोड लाइट खराब की शिकायत पेंडिंग पड़ी हैं। इसमें सबसे ज्यादा झोटवाड़ा और मालवीय नगर जोन एरिया में है।

**दिवाली की तैयारी, शहर में आज पावर कट**

# मेंटेनेंस के चलते जयपुर के 100 से अधिक क्षेत्रों में आज बिजली बंद


बेधड़क | जयपुर

जयपुर डिस्कॉम की ओर से दिपावली को देखते हुए मेंटेनेंस कार्य किया जा रहा है। दिपावली पर बिजली की बढ़ती मांग और सप्लाई को सुचारू रखने के लिए विभाग बिजली की लाइनों और उपकरणों को दुरूस्त करने में जुटा है। इसके चलते राजधानी जयपुर में मंगलवार को कई इलाकों में दिवाली मेंटेनेंस के कारण बिजली सप्लाई प्रभावित होगी।

शहर के मानसरोवर, जगतपुरा, सांगानेर, आदर्श नगर, महेश नगर समेत 100 से अधिक इलाकों में सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक अलग-अलग शिफ्ट में बिजली बंद रहेगी। मानसरोवर क्षेत्र में वर्धमान सरोवर, गनतपुरा, सुखीजा विहार, चोपड़ा फार्म, नारायण बिहार, खुशी बिहार, सीताराम बिहार, कैलाश सरोवर, जय श्री विहार, मांग्यावास, हंस बिहार, 200 फ़ीट रोड, वास्तु श्री नगर फेज 7, लक्ष्मी नारायण बिहार, विनायक विहार, श्री निधि विहार, तीजा विहार, डीवा वाली ढाणी, प्रताप नगर क्षेत्र में सेक्टर-10, और आस पास।

जगतपुरा क्षेत्र के कुसुम विहार जेडीए स्कीम ए ब्लॉक कुसुम विहार डी ब्लॉक शिक्षा बिहार शिक्षा विहार सी ब्लॉक भैरव करोल का बाग और आस पास का क्षेत्र ।

सांगानेर क्षेत्र में थाना सर्किल, गणेश कॉलोनी, नामदेव कॉलोनी, नगर निगम, सांगानेर थाना और आसपास।



### सुबह 10.30 से दोपहर 3.30 बजे तक

- गोनेर रोड क्षेत्र मे लुनियावास, बजरंग विहार, हनुमान नगर, हरिओम नगर, खण्डेलवाल कालोनी, विष्णु बिहार, जवाहर बाटिका,सद्भावना नगर, मुखिया विहार, बनियान वाली ढाणी, चेतक भट्टा, शंकर विहार, राव की ढाणी, नूर नगर और आसपास के क्षेत्र में बिजली बंद रहेगी।

### दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक

- मानसरोवर क्षेत्र में हनुमंत विहार, सुखीजा विहार, मोहित विहार, आदिनाथ विहार, हनुमंत विहार, कला कैंची, चोपड़ा गार्डन, के के गार्डन कुंतीसागर, गंगा विहार, वेदिरा फैक्ट्री वात्सलय भवन 200 फीट गोलू चिकन, रिद्धि सिद्धि और आसपास। सांगानेर क्षेत्र में- कृषि नगर, उदय हॉस्टल, तारो की कूट, मेट्रो एन्क्लेव, डेरी वाली और आसपास। कुसुम विहार सी ब्लॉक बी ब्लॉक ए ब्लॉक, इन्कमटेक्स कॉलोनी, केशर विहार, हनुमान कॉलोनी, आशीष विहार और आस पास के क्षेत्र में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

### सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक

- मूर्तिकला कॉलोनी, सोमानी हॉस्पिटल, राम मंदिर शारदा कॉलोनी, तलवारीय गार्डन, स्वेज फार्म, नंदपुरी, कटारिया कॉलोनी, सामुदायिक केंद्र, इंद्रपूरी, एवेरेस्ट कॉलोनी, कृष्णा नगर, लाल कोठी, PL पंवार हॉस्पिटल, रूप विहार, हतकर्ता भवन चौमू हॉउस, जगन पथ, बापू नगर, राम पथ, देवी नगर गली न. 8 के आसपास कस्तूरबा नगर, रानीसती नगर, गायत्री नगर बी, चंद्राकला कॉलोनी, केशव विहार पार्क के आसपास, और आसपास के प्रभावित क्षेत्र।

### दोपहर बजे से शाम 5 बजे तक

- 80 फीट रोड, जेडीए पार्क, डिवाइन स्कूल, महेश नगर टैम्पो स्टैंड, SBI बैंक, महादेव नगर, चंद्रभान हॉस्पिटल, गणेश नगर, इन्द्रपूरी II T/f, सुदामा कुटीर के सामने सूर्या नगर, गायत्री नगर, दुर्गा मैरिज गार्डन, सैनी कॉलोनी नंदपुरी लाडली पथ, शिवहीरा पथ, मोती मार्ग, गुलाब मैरिज गार्डन, G. 100 जगन पथ श्याम नगर, विश्कर्मा नगर, श्री विहार, केशव विहार और आसपास के प्रभावित क्षेत्र।

### सुबह11 से दोपहर 3 बजे तक

- दशहरा मैदान, खड्डा बस्ती, आदर्श नगर थाना, पिंक सिटी टेंट हाउस, साकेत कालोनी, गोखले पार्क, कालगिरी आई हॉस्पिटल, झालाना प्याऊ, ए ब्लॉक, ऊषा कालोनी, इनकम टैक्स कालोनी, मालवीय नगर पुलिस थाना, मालवीय नगर सेक्टर 1 पेट्रोल पम्प, गुरुनानक संस्थान, अशोक चोक, गीता भवन, बीस दुकान और आस पास का क्षेत्र प्रभावित।

## जरूरी खबर

### महिला की हत्या के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार



**झुंझुनू।** खानपुर में चार दिन पहले घर में घुसकर महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी ने बताया कि पुलिस ने मामले में आरोपी विकास उर्फ कोला को रेवाड़ी में रोहतक बाईपास पुलिया के नीचे से, आरोपी आकाश उर्फ जेडी को अहमदाबाद के साबरमती रेलवे स्टेशन से और आरोपी सतीश उर्फ मुसिया को अजमेर में नसीराबाद बाईपास से गिरफ्तार किया है। वहीं, वारदात का मुख्य आरोपी उमेश यादव की तलाश जारी है।

### नीमकाथाना को जिले से नहीं हटा सकती कोई ताकत

**नीमकाथाना।** सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेमसिंह बाजौर ने भाजपा कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान कहा कि कोई दुनिया की ताकत नहीं जो नीमकाथाना जिले को हटा दे। जिला बनने के बाद आसानी से नहीं हटाया जा सकता है, ना ही अब नीमकाथाना जिला हटेगा। यह अफवाह केवल कांग्रेस फैला रही है। 25 सितंबर को नीमकाथाना जिला बचाने के लिए बड़ी मीटिंग रखी गई है। यह मीटिंग किसान महापंचायत करेगी। इसको लेकर बाजौर ने कहा कि नीमकाथाना जिला बनाने की मांग राजस्थान में वर्षों से चली आ रही थी, जिला बनाने को लेकर हमने 25 हजार लोगों की मीटिंग की थी।

### दिव्यांग पंजीयन शिविर में 67 प्रकरण निपटाए



**चाकसू।** जिला कलेक्टर के निर्देश पर सोमवार को पंचायत समिति मुख्यालय चाकसू में दिव्यांग जनों के पंजीयन के लिए शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 166 प्रकरण आए। सामाजिक सुरक्षा अधिकारी देवीलाल नागर ने बताया कि शिविर में डिजिटल दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड के 166 प्रकरण आए। जिनकी जांच कर इसमें 67 प्रकरण सम्पूर्ण पाए जाने पर स्वीकार किए गए। वहीं 11 निरस्त कर दिए गए। गौरतलब है कि सामाजिक सुरक्षा अधिकारी देवीलाल नागर के अथक प्रयास और प्रचार प्रसार से लोग सुबह जल्दी ही शिविर में पहुंच गए और दिव्यांगजनो ने पूरा फायदा उठाया।

11 सितंबर से था लापता, जयपुर से प्री क्लियर कर दिल्ली गया था मेंस की तैयारी करने

# UPSC की तैयारी कर रहे युवक का दिल्ली में लटका मिला शव

**बेधड़क** | दौसा

जिले के महुवा इलाके के बड़ीन गांव निवासी दीपक कुमार मीणा का शव दिल्ली के मुखर्जी नगर इलाके में पेड़ से लटका मिला है। दीपक मुखर्जी नगर के पीजी में रहकर यूपीएससी की तैयारी कर रहा था। वह गत 11 सितंबर से लापता था। इसी साल उसने प्री क्लियर किया था। इसके बाद मेंस की तैयारी के लिए जयपुर से दिल्ली चला गया था। पुलिस हत्या व आत्महत्या के एंगल से जांच कर रही है। दीपक महुवा (दौसा) इलाके के बडीन गांव का रहने वाला था। दीपक के पिता चंदूलाल मीणा ने बताया कि



जयपुर में रहकर यूपीएससी का ऑनलाइन कोर्स लेकर पहले पढ़ाई कर रहा था। जुलाई में इंस्टीट्यूट ने मेंस की तैयारी के लिए दिल्ली बुला लिया था। दिल्ली के मुखर्जी नगर स्थित एक पीजी में रहकर तैयारी कर रहा था।

दीपक की परिवार से आखिरी बार 10 सितंबर की रात 8 बजे बात हुई थी। इसके बाद 11 व 12 सितंबर को उसका फोन नहीं आया। पूरे दिन पढ़ाई करने के बाद दीपक रोजाना रात 8 बजे घर पर फोन किया करता था। चिंता हुई तो घरवालों ने उसका नंबर मिलाया। 13 सितंबर को मोबाइल स्विच ऑफ आया। इसके बाद परिवार के सदस्य दिल्ली पहुंचे। वहां साथियों से पता चला कि दीपक 11 सितंबर को पीजी से निकला था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा।

### बेटे को ढूंढने के लिए 20 किमी तक दिल्ली में पैदल चले

पिता चंदूलाल मीणा किसान हैं। परिवार में पिता, मां, दो बड़े भाई राकेश, दौलत और दो बहनें हैं। सोमवार को बडीन गांव में गमगीन पिता ने बताया- दिल्ली में रोजाना 20 किलोमीटर पैदल चल कर उसे ढूंढ रहे थे। पुलिस के सहयोग से सीसीटीवी फुटेज चेक कर रहे थे। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, अस्पतालों में उसे खोजा।

### मीडिया पर चला कैंपेन, हैशटैग जस्टिस फॉर दीपक मीणा

युवक की मौत के कारणों का खुलासा करने की मांग सोशल मीडिया पर जोर पकड़ रही है। हैशटैग जस्टिस फॉर दीपक मीणा कैंपेन चलाकर पुलिस से मांग की जा रही है कि मौत के कारणों का खुलासा करे, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिले। सोशल मीडिया X पर एक यूजर ने लिखा है- दिल्ली के मुखर्जी नगर में IAS MAINS की तैयारी कर रहे गांव बडीन (कमालपुर) निवासी दीपक कुमार मीणा का शव 10 दिनों बाद संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। राजस्थान सरकार की तरफ से भी दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करनी चाहिए। दीपक के परिवार को न्याय दिलवाना चाहिए। एक छात्र की इस तरह मौत होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे पूरे देश के युवाओं में रोष है। अतिशीघ्र दिल्ली सरकार व प्रशासन इसको लेकर सख्त कार्रवाई करे।

### भीम आर्मी के चंद्रशेखर आजाद ने जताया दुख

भीम आर्मी के चंद्रशेखर आजाद ने एक्स पर लिखा है कि घटना बेहद दुखद है। मेरी संवेदनाएं परिजनों के साथ हैं। दुख का पहाड़ उन पर टूटा है। प्रकृति उन्हें ये सहने की शक्ति प्रदान करे। मैं दिल्ली पुलिस से मामले की गहन जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करता हूं। एक यूजर ने मुखर्जी नगर में मौके की तस्वीर के साथ कुछ सवाल उठाए हैं। लिखा है- इस घटना पर न कोई बहस, न हल्ला, न दंगल, शर्मनाक। तस्वीर में उन्होंने शराब की बोतल, फंदे की ऊंचाई, चप्पलों की डायरेक्शन, खाली बोतल आदि दिखाकर सवाल उठाया है कि यह काम दो-तीन लोगों का हो सकता है, जिन्होंने मर्डर कर फंदे पर लटका दिया।

पड़ोस में भाई के घर चल रहा था मकान निर्माण कार्य

# कमरे की पट्टी टूटने से मां-बेटे की मौत, बेटी गंभीर घायल

**बेधड़क** | भरतपुर

शहर के सेवक थाना क्षेत्र की स्टेडियम नगर कॉलोनी में सोमवार को मकान की पट्टी टूट कर गिर गई, जिसके नीचे दबने से मां-बेटे की मौत हो गई। घटना में बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल बालिका को आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि दोनों मृतक के शव मोर्चरी में रखवाए गए हैं। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस भी मौके पर पहुंची। 12 साल की मासूम गंभीर घायल हो गई।

थानाधिकारी अनिल जसोरिया ने बताया कि स्टेडियम नगर में सुरेश वैश्य का मकान है। सुबह वह अपने काम पर चला गया। घर पर पत्नी रीना (35), बेटा हितेश (10) और बेटी वर्षा(12) थे। इसी दौरान कमरे की छत की पट्टियां टूटकर गिर गई। जिससे मां-बेटा और बेटी मलबे में दब गए। तीनों बचाने के लिए चिल्लाने लगे। आस-पास के लोग बचाने के लिए उनकी ओर दौड़े। लोगों ने मलबे में दबे मां-बेटे और बेटी को बाहर निकाला और आरबीएम अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने मां-बेटे को मृत घोषित कर दिया। वहीं वर्षा की हालत गंभीर बनी हुई है और वह आईसीयू में भर्ती है। रीना की दो बेटियां घर के बाहर खेलने के कारण बच गई।



### ठेला लगा परिवार पाल रहा था सुरेश

सुरेश के रिश्तेदार नीरज ने बताया कि सुरेश के बड़े भाई राधेश्याम का मकान बगल में है। जिसमें निर्माण का काम चल रहा था। छत के लिए पट्टियां डाली जा रही थी। ऐसे में आशंका है कि पट्टियों के वजन या बरसात के जल भराव या अन्य किसी कारण से यह हादसा हुआ है। सुरेश के घर के कमरे की छत ढह गई। सुरेश फलों का ठेला लगाता है। उसके तीन बेटियां और एक बेटा था।


### पल भर में तबाह हुआ परिवार

थानाधिकारी ने बताया कि मानसून की बारिश के कारण जलभराव की समस्या के चलते उनके मकान की दीवार दब गई थी। यही कारण रहा कि भाई राधेश्याम के मकान के निर्माण के दौरान हल्की सी आवाज सेदीवार हिल गई और बीम टूट गए। इसमें उनकी पत्नी और बेटे की मौत हो गई, जबकि एक बेटी अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रही है। भावना और निशा को जैसे ही हादसे की जानकारी मिली तो दोनों बेहोश हो गईं। होश आने पर कभी भाई को दुलारतीं तो कभी मां को निहारती रहतीं। सूचना मिलने पर पहुंची सेवर थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पीड़ित परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है और पीड़ित सुरेश खुद सब्जी का ठेला लगाता है।



नहाने के दौरान हुआ हादसा

## नहर में डूबी दो बच्चियां, एक की मौत



**बेधड़क** | कोटा

जिले के कुन्हाड़ी थाना क्षेत्र में दो बच्चियां डूब गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची नगर निगम की रेस्क्यू टीम ने स्कूबा डाइविंग कर डूबी एक बच्ची के शव को नहर से बाहर निकाला। नगर निगम के गोताखोर विष्णु श्रृंगी ने बताया कि पार्षद राकेश पुटरा ने घटना की सूचना दी।

उन्होंने बताया कि बाईं मुख्य नहर में महाराष्ट्र निवासी दो बच्चियां बह गई हैं। दोनों बच्चियों की शिनाख्त 15 वर्षीय सक्कू और 8 वर्षीय किरण के रूप में हुई। इनमें से किरण को तो लोगों ने समय रहते बचा लिया, लेकिन सक्कू डूब गई। इस पर गोताखोर चंगेज खान टीम के साथ मौके पर पहुंचे और वहां स्कूबा डाइविंग के जरिए बच्ची के शव को 800 मीटर आगे नहर से बाहर निकाला। इसके बाद शव को पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। वहीं, पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। साथ ही बताया गया कि पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के बाद परिजनों को शव सौंप दिया जाएगा।

पुलिस की ओर से बताया कि दोनों बच्चियां नहाने गई थी। इसी दौरान एक बच्ची पानी में डूबने लगी, उसे डूबता देख दूसरी बच्ची बचाने के लिए पानी में उतरी और वो भी डूब गई।

एक बच्ची को लोगों ने समय रहते बचा लिया, लेकिन सक्कू डूब गई। सूचना पर गोताखोर की टीम मौके पर पहुंची और स्कूबा डाइविंग के जरिए बच्ची के शव को नहर से बाहर निकाला। फिलहाल मृतक बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है।

साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर मुकुल शर्मा ने दिए निर्देश

## राज्य सरकार की बजट घोषणाओं का जल्द क्रियान्वयन सुनिश्चित हो

**सीकर।** जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिला कलेक्टर शर्मा ने बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य सरकार की बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन जल्द से जल्द सुनिश्चित किया जाए। जिला कलेक्टर शर्मा ने सीकर को स्वच्छ सीकर बनाने आह्वान किया। जिला कलेक्टर शर्मा ने विभागीय अधिकारियों को ई—फाइल निस्तारण के संबंध में निर्देशित किया कि कोई भी ई—फाइल 5 घंटे से अधिक लंबित नहीं रहे, साथ ही मुख्यमंत्री कार्यालय, लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग, स्टार मार्क के प्रकरणों में तत्काल कार्यवाही कर जवाब भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिए कि बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर हेमराज परीड़वाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद नरेन्द्र सिंह पुरोहित, आयुक्त नगर परिषद शशिकांत शर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

रिश्तेदार के घर से लौटते वक्त बाइक को मारी टक्कर

## सड़क हादसे में एमआर, मां और पोते की मौत

**बेधड़क** | कोटा

शहर के रानपुर थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में एमआर, उनकी मां और डेढ़ साल के बेटे की मौत हो गई। तीनों बाइक से कोटा लौट रहे थे। रास्ते में भीमपुरा पुलिया के पास किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी और तीनों की मौत हो गई। हादसा आज दोपहर ढाई बजे का है। रानपुर थाना एसआई भीमसिंह ने बताया कि हादसे में ईश्वर सेन (29),



उनकी मां लक्ष्मी बाई (48) और डेढ़ साल के बेटे अथर्व की मौत हो गई। ईश्वर सेन अपने परिवार के साथ कोटा के कुन्हाड़ी इलाके के पंचवटी नगर में रहते थे। ईश्वर मल्टी नेशनल फार्मा कंपनी में एमआर थे। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को जगपुरा इलाके में स्थित निजी हॉस्पिटल लेकर गए। ड्यूटी डॉक्टर ने ईश्वर और अथर्व को मृत घोषित कर दिया। वहीं इलाज के दौरान एमआर की मां की भी मौत हो गई। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

गरुड़वासी चौराहे पर बोर्ड लगाने का मामला

# सर्किल नामकरण को लेकर विवाद गहराया, दोनों समाज आमने-सामने

**बेधड़क** | चाकसू

चाकसू कस्बे के गरुड़वासी मोड़ पर दूसरे दिन भी जाट समाज बंधुओं का धरना जारी रहा। जिससे सोमवार को तेजाजी सर्किल का विवाद घटने के बजाए बढ़ गया और मामला गर्माने लगा हैं। इससे प्रशासन की दिनभर सांसे ऊंची-नीची होती नजर आई।

यहां बता दें कि रविवार को गरुड़वासी चौराहे पर जाट समुदाय के लोगों ने तेजाजी सर्किल बनाने को लेकर बोर्ड लगा दिया था। जिसे नगरपालिका ने बिना अनुमति गलत मानते हुए जब्त कर लिया था। इसके विरोध में जाट समुदाय के लोग नाराज होकर मौके पर धरने पर बैठ गए। जिनका धरना सोमवार को दूसरे दिन भी रहा। वहीं, जाट



समुदाय ने धरने के दौरान तेजाजी महाराज के अल्गोजो की थाप पर लोक गीत गाए।

मौके पर धरने पर मौजूद लोगों ने हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ करके निडरता का भी परिचय दिया। वही यहां चौराहें पर लाल कलर से जगह - जगह तेजाजी सर्किल लिख दिया। यहां तक क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा के नाम के साइन बोर्ड को भी पोत दिया। पुलिस के अधिकारियों की धरने पर बैठे लोगों से वार्ता हुई। लेकिन उनमें किसी तरह की सहमति नही बन सकी।

### नेता भी आए समर्थन में

वहीं सांसद हनुमान बेनीवाल व पूर्व विधायक वेदप्रकाश सोलंकी भी तेजाजी सर्किल बनाने के समर्थन में उतर गए और सोशल मीडिया पर अपनी लिखी पोस्टो में कहा कि लोकदेवता तेजाजी महाराज की पूरे जाट समाज ही नहीं अपितु सर्व समाज के करोड़ों भक्तों में बड़ी आस्था है। ऐसे में स्थानीय प्रशासन द्वारा उनके नाम के लगे बोर्ड को हटाने की घटना निंदनीय हैं। कहा कि तेजाजी के नाम से सर्किल बन जाए तो चाकसू में किसे आपत्ति है। इन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से भी इस विषय में अपील की है। वहीं, शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर मौके पर पुलिस का भारी जाप्ता तैनात रहा। आला अधिकारियों का यहां पड़ाव होने से पुलिस इलाका छावनी बन गया है। चाकसू एसीपी सुरेन्द्र सिंह, थाना प्रभारी राजूराम बामणिया मय पुलिस जाप्ता पूरी तरह अलर्ट है।

### बैरवा समाज हुआ एक्टिव, प्रशासन को दिए ज्ञापन

वहीं, सोमवार को गरुड़वासी मोड़ पर तेजाजी सर्किल को लेकर नया मोड़ आ गया है। यहां बैरवा समाज ने अपनी हकदारी जताते हुए चाकसू उपखण्ड अधिकारी शिवचरण शर्मा, नगरपालिका ईओ डॉ. बनवारी लाल मीणा, थाना प्रभारी राजूराम बामणिया को अलग-अलग रूप से ज्ञापन पत्र दिए है। जिसमें इन्होंने लिखा कि जो लोग वीर तेजाजी सर्किल बनाने की बात कह रहे हैं। वह जगह हरिहरानन्द त्यागी मन्दिर समाधी स्थल है और इनका अनाधिकृत कब्जा है। इसे हटवाया जाए क्योंकि इस तिराहे के चारों और बैरवा समाज व एससी वर्ग समाज का बाहुल्य है। जोकि 1981 की प्रलयकारी बाढ़ से विस्थापित होकर लगभग 45 वर्ष से इस समाज के लोग रह रहें है। साथ ही गरुडवासी मोड़ पर समाज की सामाजिक रस्में शादी-विवाह विस्थापित वर्ष 1981 से सम्पन्न की जाती रही हैं। वहीं इन्होंने ज्ञापन में बताया कि यह कि किसी भी प्रकार की मृत्यु होने पर इस तिराहे पर फतवारी पूजन व गंगाजी भेजने जैसी अन्य कई सामाजिक रस्में सम्पन्न होती है। वहीं बैरवा समाज ने प्रशासन को सख्त चेतावनी देते हुए इस गरूडवासी मोड़ पर हो रहे अतिक्रमण को नहीं हटवाया गया तो सम्पूर्ण एससी समाज वर्ग द्वारा उग्ररूप धारण करने तथा माहौल बिगड़ने को चेताया। जिसके लिये प्रशासन स्वयं जिम्मदार रहेगा।

### दोनों पक्षों की बात सुनकर ही कुछ कहा जाएगा

इधर, जब उपखण्ड अधिकारी शिवचरण शर्मा से इस विषय पर जानकारी चाहि गईं तो उन्होंने से दोनों पक्ष की बात सुनकर ही आगे कुछ कहने की बात कही हैं।

28 सितंबर से 18 अक्टूबर के बीच करने होंगे आवेदन

# 1957 पदों पर होगी बीपीएससी 70वीं सीसीई प्रारंभिक परीक्षा

एजेंसी | नई दिल्ली

बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने बीपीएससी 70वीं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा (सीसीई) 2024 का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इन रिक्तियों के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया 28 सितंबर से शुरू होगी। इच्छुक और पात्र उम्मीदवार आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बीपीएससी 70वीं सीसीई 2024 के लिए आवेदन पत्र जमा करने और शुल्क भुगतान की आखिरी तारीख 18 अक्टूबर तक है।




### ये रहेगा आवेदन शुल्क

बीपीएससी 70वीं सीसीई प्रारंभिक परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले सामान्य, ओबीसी, और अन्य राज्य के उम्मीदवारों को 600 रुपए का आवेदन शुल्क जमा करना होगा, जबकि एससी, एसटी, पीएच और महिला उम्मीदवार (बिहार डोम) के लिए आवेदन शुल्क 150 रुपए है।

### रिक्तियों की कैटेगरी वाइज संख्या

इस भर्ती अभियान का लक्ष्य राज्य में विभिन्न पदों पर कुल 1957 रिक्तियों को भरना है। रिक्तियों की कैटेगरी वाइज संख्या नीचे देख सकते हैं।

| | |
|---|---|
| सामान्य | 1082 पद |
| ओबीसी | 315 पद |
| ई-ओबीसी | 427 पद |
| ओबीसी महिला | 59 पद |
| एससी | 403 पद |
| एसटी | 22 पद |
| ईडब्ल्यूएस | 247 |
| कुल पद | 1957 |

### ये है शैक्षणिक योग्यता

बीपीएससी 70वीं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक या समकक्ष डिग्री है। इसके अतिरिक्त, स्नातक के अंतिम वर्ष के उम्मीदवार बीपीएससी 70वीं परीक्षा के लिए नामांकन के लिए पात्र हैं, लेकिन उन्हें स्नातक परिणाम प्राप्त करने से पहले अंतिम बीपीएससी परीक्षा के पूरा होने का इंतजार करना होगा।

### ये है आवेदन का तरीका

- सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट bpsc.bih.nic.in पर जाएं।
- होमपेज पर 'बीपीएससी 70वें सीसीई 2024 पंजीकरण' लिंक पर क्लिक करें।
- अब आवश्यक विवरण दर्ज करके पंजीकरण पूरा करें और 'सबमिट' पर क्लिक करें।
- आवेदन पत्र सावधानी पूर्वक भरें।
- अपनी श्रेणी के अनुसार आवेदन शुल्क का भुगतान करें।
- आवेदन फॉर्म सबमिट करें और कंफर्मेशन पेज डाउनलोड करें।
- अब आवेदन पत्र की एक प्रति प्रिंट करें।

### इतना मिलेगा वेतन

बीपीएससी अधिसूचना 2024 के अनुसार बीपीएससी एसडीएम नौकरियों के लिए मासिक वेतन की अनुमानित सीमा 61,500 और 72,000 रुपए के बीच है, जबकि सचिव पदों के लिए अनुमानित वेतन लगभग 2,00,000 रुपए है।

## Yuva स्टोरीज

### फीमेल हाइजीन पर प्रोफेसर ने किया छात्राओं को जागरूक



बेधड़क | जयपुर

कूकस स्थित जयपुर कॉलेज ऑफ एजूकेशन एंड साइंस में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के सहयोग से महिला एवं बालिका स्वास्थ्य संरक्षण विषय पर एक व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की प्रसूति विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. हेतल दवे ने कॉलेज की शिक्षिकाओं एवं सभी छात्राओं को फीमेल हाइजीन विषय पर व्याख्यान दिया। साथ ही मासिक धर्म के दौरान क्या सावधानियां रखी जाएं, खान पान आदि किस प्रकार का हो, इस बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की। इसी कार्यक्रम में छात्राओं के लिए एक विशेष योग सत्र का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज की प्राचार्य डॉ. मधुबाला शर्मा ने स्मृति चिन्ह देकर डॉ. हेतल एवं उनके सहयोगी चिकित्सकों को सम्मानित किया।

### शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) की उपशाखा सांगानेर के हुए चुनाव



बेधड़क | जयपुर

महात्मा गांधी गर्वनमेंट स्कूल बीलवा में राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के उप-शाखा सांगानेर में निर्वाचन अधिकारी योगेश शर्मा, महेंद्र गर्ग और प्रदेश कार्यकारिणी से निधि छीपा की उपस्थिति में नव कार्यकारिणी का निर्विरोध गठन किया गया। जिसमें अजय चतुर्वेदी को अध्यक्ष, सरदार सिंह मीणा को मंत्री, विनीता गुप्ता को महिला मंत्री, मनोज कुमार छीपा कोषाध्यक्ष और सीमा अरोड़ा को सभा-अध्यक्ष चुना गया।

### सहायक आचार्य मिलिट्री साइंस के साक्षात्कार घोषित



बेधड़क | जयपुर

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा- 2023 के अन्तर्गत मिलिट्री साइंस विषय के 1 पद के लिए साक्षात्कार का आयोजन 30 सितंबर को किया जाएगा। आयोग सचिव ने बताया कि अभ्यर्थियों के साक्षात्कार-पत्र आयोग की वेबसाइट पर यथासमय अपलोड कर दिए जाएंगे।

साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण-पत्र मय फोटो प्रति साथ अवश्य लाएं अन्यथा साक्षात्कार से वंचित कर दिया जाएगा।

### डॉ. दामोदर शर्मा "वैदिक गौरव रत्न 2024" से सम्मानित



बेधड़क | जयपुर

ग्राम अनंतपुरा निवासी भारतीय सेना में धर्म गुरु से सेवानिवृत डॉ. दामोदर प्रसाद शर्मा को "वैदिक गौरव रत्न 2024" का सम्मान से सम्मानित किया गया। शर्मा को यह सम्मान सनातन धर्म, वैदिक संस्कृति आदि महत्वपूर्ण विषयों पर कार्य के कारण दिया गया।

इन्हें शाल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र, प्रमाण पत्र, दुप्पटा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर अन्नपूर्णा सोनी, राजेश वशिष्ट, डॉ. अरुण बंसल सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

पंडित दीनदयाल की प्रतिमा अनावरण और उद्यान का करेंगे लोकार्पण

# उपराष्ट्रपति और राज्यपाल कल आएंगे शेखावाटी विवि

बेधड़क | सीकर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय में 25 सितंबर को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और राज्यपाल हरिभाऊ बागडे आएंगे। पंडित दीनदयाल उपाधाय की 108वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ दोपहर 3.05 बजे पंडित की प्रतिमा का अनावरण और ज्ञान उद्यान का लोकार्पण करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ.) अनिल कुमार राय ने सोमवार को प्रेसवार्ता में बताया कि उपराष्ट्रपति तीन बजे 'एक पेड़, मां के नाम' कार्यक्रम के तहत पौधारोपण करेंगे।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अवतरण दिवस समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल हरिभाऊ बागडे करेंगे। विशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा और एकात्म मानव दर्शन अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान, नई दिल्ली के अध्यक्ष डॉ. महेश चन्द्र शर्मा होंगे। कुलपति प्रो (डॉ.) अनिल कुमार राय ने बताया कि इस अवसर पर दीप प्रज्वलन के साथ मां सरस्वती की वंदना की जाएगी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अवतरण दिवस समारोह को पौने चार बजे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और राज्यपाल हरिभाऊ बागडे संबोधित करेंगे। विशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा एवं डॉ. महेश चन्द्र शर्मा भी विचार व्यक्त करेंगे।



### राष्ट्रीय विचार संगोष्ठी आज, अनेक विद्वतजन आएंगे

कुलपति प्रो (डॉ.) अनिल कुमार राय ने संवाददाताओं को बताया कि पंडित दीनदयाल उपाधाय की जयंती के उपलक्ष्य में 24 सितम्बर को प्रातः 10 बजे से राष्ट्रीय विचार संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। 'भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय' विषय संगोष्ठी को देशभर से आए विद्वतज्जन संबोधित करेंगे। संगोष्ठी में उदघाटन सत्र के अलावा तीन सत्र होंगे। कार्यक्रम में संतश्री जय साहेब ओमदासजी महाराज समारोह गौरव के रूप में शिरकत करेंगे। मुख्य अतिथि एकात्म मानव दर्शन अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान, नई दिल्ली के अध्यक्ष डॉ. महेश चन्द्र शर्मा और विशिष्ट अतिथि राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण, जयपुर के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत होंगे। अध्यक्षता पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति के जयपुर के अध्यक्ष प्रो. मोहन लाल छीपा करेंगे।

### 108 वीं जयंती पर हो रहा है कार्यक्रम

राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर और पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति के जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। इस अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय पर शोध सार प्रस्तुति और वैदिक वाग्विद्या और पंडित पर केंद्रित प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा। संगोष्ठी का उद्देश्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 108वीं जयंती के उपलक्ष्य में उनके विचारों, दर्शन को समकालीन सन्दर्भ में समझने और उनका सम्मान करने का महत्त्वपूर्ण प्रयास है।

## बेटियों की शिक्षा पर जोर देने की आवश्यकता है: दिलावर




**जयपुर**। राष्ट्रीय संत श्री श्री 108 श्री दुर्बल नाथ जी सत्संग सेवा समिति, मंडी खटिकान, जयपुर द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे खटीक समाज का होने पर गर्व है और आज में अपनी जाति गंगा के बीच आकर स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। लगातार हमारे समाज में शिक्षा का विस्तार हो रहा है, परंतु जितना होना चाहिए था उतना नहीं हो रहा है। आज समाज के लोग आईएएस, आईपीएस सब बन रहे हैं, परंतु इनकी संख्या हमारी जनसंख्या के अनुपात में अभी भी काम है। दिलावर ने कहा कि हमें बेटियों की शिक्षा पर जोर देने की आवश्यकता है। क्योंकि बेटी एक नहीं दो परिवारों को संभालती है। इसलिए बच्चों की पढ़ाई पर जोर दें। शिक्षा केवल सरकारी नौकरी पाने के लिए नहीं अपितु सम्मानजनक जीवन जीने के लिए भी आवश्यक है। मंत्री ने समाज को एकजुट रहने और देश समाज के लिए मर मिटने की सीख देते हुए वृक्षारोपण करने तथा पॉलिथीन का उपयोग नहीं करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम मे कठूमर विधायक रमेश खींची, अधिशाषी अभियंता नंदकिशोर तंवर, आरएएस अधिकारी महेंद्र खींची सहित अनेक अधिकारी व समाज बंधु उपस्थित थे।

## एनआईए कुलपति को मिला IASTAM अवॉर्ड



बेधड़क | जयपुर

इंडियन एसोसिएशन फॉर द स्टडी ऑफ़ ट्रेडिशनल एशियन मेडिसिन (IASTAM) द्वारा रविवार को पुणे में आयोजित इंटरनेशनल कांफ्रेंस में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। पुणे में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में आयुर्वेद चिकित्सा के शल्य तंत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा को जुगताराम वैद्य IASTAM अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने कहा की यह सम्मान मेरे साथ आयुर्वेद चिकित्सा से जुड़े सभी चिकित्सकों और राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति का सम्मान है। यह सम्मान हमें आयुर्वेद के क्षेत्र में अपनी मेहनत, लगन और कार्य कुशलता के साथ आमजन की चिकित्सा और सेवा करने की प्रेरणा देते हैं। चिकित्सा से जुड़े सभी व्यक्ति दिन-रात अपनी पूरी मेहनत ओर प्रयासों से विभिन्न रोगों के निदान के लिये लगातार रिसर्च और चिकित्सा करते हैं। आमजन की चिकित्सा और सेवा से उसके रोग का निदान होना हमारे लिए एक बहुत बड़ा सम्मान होता है। कार्यक्रम में देश और विदेश में आयुर्वेद चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों उपस्थित थे।

## एनसीसी कैडेट्स की राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका



**जयपुर**। उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित मानेकशॉ सेंटर में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ जी की अध्यक्षता में आयोजित राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के अतिरिक्त महानिदेशक, उप महानिदेशकों एवं विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक में शिरकत की। बैठक में एनसीसी के वर्तमान कार्यक्रमों की प्रगति, आगामी राष्ट्रीय शिविरों की योजना, कैडेटों के प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार तथा संगठन के समग्र विकास हेतु नवीन रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई।


इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट्स द्वारा राष्ट्र निर्माण में निभाई जा रही भूमिका को और अधिक सुदृढ़ करने के उपायों पर भी गहन विचार-विमर्श होना चाहिए।

नीट एडमिशन | फाइनल लिस्ट आज आएगी

# हरियाणा: नीट यूजी राउंड 2 प्रोविजनल सीट जारी

बेधड़क | चंडीगढ़

हरियाणा नीट यूजी काउंसलिंग राउंड 2 का प्रोविजनल सीट अलॉटमेंट अटल मेडिकल एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी (AMRU) ने जारी कर दिया है। जिन भी कैंडिडेट ने राउंड 2 काउंसलिंग के लिए अप्लाई किया है वे रिजल्ट ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं।



कैंडिडेट को अलॉटमेंट लेटर डाउनलोड करने के लिए अपना एप्लीकेशन नंबर और जन्म तारीख डालकर लॉग इन करना होगा। लेटर में कैंडिडेट का नाम, आवंटित इंस्टीट्यूट का नाम, मेरिट लिस्ट, एप्लीकेशन आईडी, डिग्री, अलॉटमेंट कोटा और कैटेगरी जैसी जानकारी चेक कर लें। जिन भी कैंडिडेट को सीट अलॉटमेंट को लेकर कोई परेशानी या शिकायत है, वे उन्हें जमा कर सकते हैं। हरियाणा नीट यूजी काउंसलिंग राउंड 2 फाइनल सीट अलॉटमेंट रिजल्ट मंगलवार को जारी किया जाएगा। कैंडिडेट 28 सितंबर से 1 अक्टूबर, तक डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन करा सकते हैं। वेबसाइट के अनुसार, कैंडिडेट को एडमिशन कमेटी के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पंडित भागवत दयाल शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंस, रोहतक में उपस्थित होना होगा, उन्हें अपने साथ सभी ओरिजिनल डॉक्यूमेंट भी लेकर जाने होंगे, नहीं तो उनके एडमिशन पर विचार नहीं किया जाएगा।

### यह रहेगी एडमिशन प्रक्रिया

- फाइनल एलोकेशन सीट में यदि कोई शिकायत हो तो- 23 सितंबर
- ऑनलाइन माध्यम से ट्यूशन फीस जमा करना- 23 से 27 सितंबर (शाम 5 बजे तक)
- कैंडिडेट डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन- 28 सितंबर से 1 अक्टूबर, 2024
- प्रोविजनल सीट अलॉटमेंट लेटर डाउनलोड- 29 सितंबर से 5 अक्टूबर
- आवंटित कॉलेज या इंस्टीट्यूट को जॉइन करना- 5 अक्टूबर (शाम 5 बजे तक)

### हरियाणा नीट यूजी काउंसलिंग की फीस

हरियाणा NEET-UG काउंसलिंग के लिए जनरल कैटेगरी के स्टूडेंट्स को 2,500 रुपए की नॉन-रिफंडेबल फीस देनी होगी। इसके अलावा आरक्षित वर्ग के स्टूडेंट्स एससी, एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस और पीडब्ल्यूडी को 1250 रुपए की फीस जमा करनी होगी। एनआरआई (NRI) स्टूडेंट्स को 10,000 रुपए की रजिस्ट्रेशन फीस देनी होगी।

# डिजिटल दुनिया में क्या देख रहे हैं आपके बच्चे?




प्रियंका सौरभ
स्वतंत्र टिप्पणीकार


आज के डिजिटल परिदृश्य में, बच्चे तकनीक में डूबे हुए बड़े हो रहे हैं। स्मार्टफोन से लेकर टैबलेट, लैपटॉप और गेमिंग कंसोल तक, इंटरनेट उनके जीवन का अभिन्न अंग बन गया है। जबकि ऑनलाइन दुनिया अंतहीन शैक्षिक और मनोरंजन के अवसर प्रदान करती है, यह बच्चों को विभिन्न जोखिमों के लिए भी उजागर करती है। डिजिटल क्षेत्र में बच्चों की सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए साइबर सुरक्षा सर्वोपरि है। डिजिटल युग में, बच्चों को ऑनलाइन सुरक्षा प्रदान करना तथा सूचना तक उनकी पहुँच सुनिश्चित करना एक महत्त्वपूर्ण चुनौती है। इंटरनेट के उपयोग में वृद्धि के साथ, बच्चों को सीखने के अवसर और साइबरबुलिंग, शोषण और आपत्तिजनक सामग्री जैसे जोखिम दोनों का सामना करना पड़ता है। ऑनलाइन सुरक्षा को संतुलित करने के लिए कानूनी ढाँचे, माता-पिता के मार्गदर्शन और प्रौद्योगिकी समाधानों को सम्मिलित करते हुए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। कई माता-पिता और बच्चों में पर्याप्त डिजिटल साक्षरता का अभाव है, जिससे सुरक्षित रूप से ऑनलाइन मार्गदर्शन प्रदान करना और संभावित जोखिमों को समझना मुश्किल हो जाता है।

भारत में, केवल 40% व्यक्ति बुनियादी डिजिटल कार्य करने में सक्षम हैं, जिससे बच्चों को ऑनलाइन खतरों से बचाने के प्रयास जटिल हो जाते हैं। बच्चे अक्सर परिवार के सदस्यों के साथ डिवाइस का साझा उपयोग करते हैं, जिससे उनकी ऑनलाइन गतिविधियों की निगरानी और उन्हें विनियमन करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। कई ग्रामीण घरों में, साझा फोन के उपयोग से बच्चों द्वारा व्यक्तिगत रूप से उपयोग की गई गतिविधियों को ट्रैक करना असंभव हो जाता है, जिससे उन्हें साइबरबुलिंग जैसे जोखिमों का सामना करना पड़ता है। कई प्लेटफार्मों पर मजबूत फ़िल्टरिंग तंत्र की कमी के कारण बच्चे अक्सर ऑनलाइन अनुचित सामग्री के संपर्क में आते हैं। यू ट्यूब जैसे प्लेटफार्म के माध्यम से बच्चों द्वारा एडल्ट कंटेंट तक पहुंचने की रिपोर्ट ने मजबूत सुरक्षा जरूरतों की आवश्यकता पर बल दिया है। साइबरबुलिंग और ऑनलाइन शोषण में वृद्धि बच्चों के मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए महत्त्वपूर्ण जोखिम उत्पन्न करती है। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में 3 में से 1 बच्चे ने साइबरबुलिंग का सामना किया है, जिसके उनके स्वास्थ्य पर गंभीर परिणाम देखे गए हैं। सरकारों को माता-पिता और बच्चों दोनों के लिए डिजिटल साक्षरता में सुधार को प्राथमिकता देनी चाहिए ताकि उन्हें ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित रूप से नेविगेट करने में मदद मिल सके। भारत की डिजिटल इंडिया पहल ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के लिए ऑनलाइन सुरक्षा और डिजिटल साक्षरता को कवर करने के लिए अपने दायरे का विस्तार कर सकती है। तकनीकी प्लेटफॉर्म को मजबूत अभिभावकीय नियंत्रण की सुविधाएँ विकसित करनी चाहिए जो गोपनीयता का उल्लंघन किए बिना बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों की बेहतर निगरानी की अनुमति प्रदान करने हैं। कुछ प्लेटफार्मों पर बच्चों को प्रतिबंधित करने से वे वैकल्पिक उपाय ढूंढने लगेंगे, जिससे प्रतिबंध अप्रभावी हो जाएगा। पहचान से संबंधित दस्तावेजों की आवश्यकता वाले आयु सत्यापन सिस्टम गोपनीयता से संबंधित मुद्दे उठाते हैं और अक्सर आवश्यकता से अधिक डेटा एकत्र करते हैं। भारत में, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर आयु सत्यापन के लिए आधार के उपयोग ने डेटा के दुरुपयोग के संबंध में चिंताएं बढ़ा दी हैं।

> “डिजिटल युग में ऑनलाइन सुरक्षा और बच्चों के सूचना तक पहुंच के अधिकार के बीच संतुलन बनाना एक जटिल चुनौती बनी हुई है। सहयोगात्मक प्रयासों, डिजिटल साक्षरता में सुधार और आयु-उपयुक्त मजबूत विनियमों को लागू कर, बच्चों को ऑनलाइन खतरों से बेहतर तरीके से सुरक्षित किया जा सकता है। बच्चों के लिए साइबर सुरक्षा आधुनिक पेरेंटिंग का एक अनिवार्य हिस्सा है। इन तकनीकों को लागू करके, उपयुक्त सॉफ़्टवेयर का उपयोग करके, और फाइबर ऑप्टिक इंटरनेट के लाभों का लाभ उठाकर, माता-पिता एक सुरक्षित ऑनलाइन वातावरण बना सकते हैं जहां उनके बच्चे डिजिटल दुनिया से जुड़े जोखिमों को कम करते हुए खोज, सीख और मौज-मस्ती कर सकते हैं।”

जटिल या कठोर ऑनलाइन नियम अनजाने में हाशिए पर स्थित समुदायों के बच्चों को पहचान से संबंधित दस्तावेजों या डिजिटल संसाधनों तक सीमित पहुंच से वंचित कर सकते हैं। ग्रामीण भारत में, उचित पहचान के बिना बच्चों को सख्त नियमों के तहत डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करना मुश्किल हो सकता है । टेक प्लेटफॉर्म पर अत्यधिक सख्त नियम लागू करने से नवाचार बाधित हो सकता है और वैश्विक फर्मों के लिए संचालन जटिल हो सकता है। गूगल और मेटा जैसी टेक कंपनियों ने अपने व्यापार मॉडल को प्रभावित करने वाले जटिल कानूनी ढाँचों पर चिंता व्यक्त की है। पहुंच को प्रतिबंधित करने पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित करने से डिजिटल युग में बच्चों के शैक्षिक अवसरों और कौशल विकास में बाधा आ सकती है।अध्ययनों से पता चलता है कि डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म तक बच्चों की पहुंच उनके कौशल और रोजगार क्षमता को बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

बच्चों के लिए साइबर सुरक्षा आधुनिक पेरेंटिंग का एक अनिवार्य हिस्सा है। इन तकनीकों को लागू करके, उपयुक्त सॉफ़्टवेयर का उपयोग करके, और फाइबर ऑप्टिक इंटरनेट के लाभों का लाभ उठाकर, माता-पिता एक सुरक्षित ऑनलाइन वातावरण बना सकते हैं जहाँ उनके बच्चे डिजिटल दुनिया से जुड़े जोखिमों को कम करते हुए खोज, सीख और मौज-मस्ती कर सकते हैं। आपके बच्चे की ऑनलाइन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए खुला संचार और निरंतर शिक्षा आवश्यक है। याद रखें कि सक्रिय कदमों के साथ, आप अपने बच्चों को डिजिटल परिदृश्य को जिम्मेदारी और आत्मविश्वास से नेविगेट करने के लिए सशक्त बना सकते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## आस्था पर चोट: विश्व प्रसिद्ध तिरुपति बालाजी मंदिर का मामला

# प्रसाद में मांसाहारी मिलावट का षड्यंत्र




प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार


> “अमेरिका में गायों को मांसयुक्त चारा खिलाया जाता है, जिससे वे ज्यादा दूध दें। हमारे यहां गाय-भैंसें भले ही कूड़े-कचरे में मुंह मारती फिरती हों,लेकिन दुधारू पशुओं को मांस खिलाने की बात कोई सपने में भी नहीं सोच सकता? लिहाजा अमेरिका को चीज बेचने की इजाजत संसद से नहीं मिल पा रही है, लेकिन अब प्रसाद में पशुओं की चर्बी मिलाने की जो जांच रिपोर्ट आई हैं, उसने हमारी सभी शाकाहारी मान्यताओं पर गहरा कुठाराघात करके आस्था को दहलाने का काम कर दिया है।”

आंध्रप्रदेश के विश्व प्रसिद्ध तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद में मांसाहारी मिलावट की बड़ी धोखाधड़ी सामने आई है। भारत ही नहीं दुनिया के करोड़ों सनातन हिंदू धर्मावलंबी किसी भी प्रकार के मांस का भक्षण नहीं करते हैं। ऐसे में लड्डू रूपी इस प्रसादम् में गाय की चर्बी मिली होने की जांच रिपोर्ट में पुष्टि ने हिंदुओं के अंतर्मन को दहला दिया है, क्योंकि वे गाय को परंपरा के रूप में माता मानते हैं और उसकी सेवा भी करते हैं। अतएव लड्डू की इस मिलावट से जुड़े मुद्दे में दूध का दूध और पानी का पानी होना जरूरी है। आंध्रप्रदेश की सत्तारूढ़ दल तेलगु देशम पार्टी के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने स्वयं एक बयान देकर इस मिलावट की जानकारी देश को दी है। इन लड्डुओं में शुद्ध गाय के घी को जो संस्था लड्डू बनाने वाली संस्था को बेचती है, उसमें गाय और सुअर की चर्बी मिली होने के साथ मछली के तेल की मिलावट भी पाई गई है। तिरुमला, तिरुपति देवस्थानम संस्था इस मंदिर का संचालन करती है, संस्था प्रमुख की नियुक्ति प्रदेश सरकार करती है। साफ है, सरकारी तंत्र का कदाचार और लापरवाही इस मिलावट के लिए दोषी है।

मंदिर में भगवान को प्रसादम् के रूप में लड्डू का भोग लगाने की प्रथा 300 साल से भी ज्यादा पुरानी है। इस प्रसाद को साधारण नहीं माना जाता, इसलिए इसे 'महाप्रसाद' कहा जाता है। यह मंदिर देश के सर्वाधिक धनी मंदिरों में से एक हैं। यहां प्रतिवर्ष देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु करोड़ों रुपए की नगद राशि के साथ सोना-चांदी भी बड़ी मात्रा में चढ़ाते हैं। साफ है, यहां धन की कोई कमी नहीं है, इसलिए इस महाप्रसाद को सीधे-सीधे ऐश्वर्य और धन की देवीमाता विष्णु पत्नी महालक्ष्मी के भंडार से प्राप्त माना जाता है। अतएव कोई भी भक्त सपने में भी नहीं सोचता कि इस पवित्र प्रसाद की पवित्रता कोई लोभी भंग करने की हिम्मत कर सकता है। करीब चार दशक पहले-पहल इस प्रसाद की पवित्रता और गुणवत्ता पर सवाल उठे थे। 1985 में एक व्यक्ति ने शिकायत की थी कि उसके खरीदे हुए लड्डुओं में फफूंद और कील निकले हैं। अब एक बार फिर भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त गुजरात में स्थित 'नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड' (एनडीडीबी) की रिपोर्ट में हिंदुओं को आघात पहुंचाने वाला परिणाम सामने आया है। दरअसल श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर का प्रबंधन देखने वाली संस्था टीटीडी को प्रसाद में मिलावट की शिकायत कुछ समय से मिल रही थीं। वस्तुतः प्रदेश के बाहर लड्डू बनाने वाले घी की जांच कराने की जरूरत समझी गई। अतएव घी के नमूने 9 जुलाई 2024 को एनडीडीबी की प्रयोगशाला को उपलब्ध कराए गए। 16 जुलाई को विस्तृत रिपोर्ट भी दे दी गई। इस रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से घी में गोवंशीय पशुओं की चर्बी, सूअर की चर्बी और मछली के तेल की उपलब्धता की पुष्टि की गई है।



इस रिपोर्ट के सार्वजनिक होते ही मंदिर प्रबंधन समिति पर सवाल उठ खड़े हुए हैं। राजनीतिक मुंहवाद तेज हो गया है। दरअसल मंदिर को लड्डू की आपूर्ति आंध्रप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जगमोहन रेड्डी के दल वाईएसआरसी के नेता की एजेंसी से होती है। कुछ दिन पूर्व ही चंद्रबाबू नायडू ने लड्डू में प्रयोग किए जाने वाले घी में मिलावट की आशंका जताई थी। इसी के बाद घी के नमूनों की जांच कराई गई। अब केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने इस मामले की भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) से जांच कराने की बात कही है। यह संस्था केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन एक वैधानिक निकाय है। कांग्रेस ने सीबीआई जांच की मांग की है। वहीं युवजन श्रमिक रायथु कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) का कहना है कि मुख्यमंत्री नायडू राजनैतिक लाभ के लिए घृणित आरोप लगा रहे हैं। दूसरी तरफ लड्डू की आपूर्ति पूरी करने वाली संस्था तिरुमाला तिरुपति देव स्थानम् ने सफाई दी है कि मंदिर को घी की भरपाई करने वालों ने मंदिर में घी और लड्डुओं की जांच की सुविधा नहीं होने का लाभ उठाया है। टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी जे श्यामल राव का कहना है कि प्रयोगशाला परीक्षणों में चयनित नमूनों में पशुओं की चर्बी की मिलावट का पता चला है। यह गंभीर चिंता का विषय है कि घी प्रदाय करने वाले के मन में श्रद्धा का यह भाव क्यों नहीं आया कि इस प्रसाद को करोड़ों शाकाहारी हिंदू ईश्वरीय प्रसाद मानकर ग्रहण करते हैं। अतएव यह आस्था के साथ बड़ा खिलवाड़ है। हालांकि घी सप्लाई करने वाली संस्था का कहना है कि प्रयोगशाला से घी की शुद्धता का प्रमाण-पत्र लेने के बाद ही घी प्रदाय किया जाता था।

घी में मिलावट की बात इसलिए सही लगती है, क्योंकि लड्डुओं के निर्माण के लिए जो घी प्रदाय किया जाता था, उसकी कीमत मात्र 320 रुपए प्रति किलोग्राम थी। जबकि शुद्ध देसी घी 800 से 1200 रुपए प्रति किलोग्राम से कम दर पर नहीं मिलता है। ऐसे में मिलावट का संदेह पुख्ता है। आज देश में कहीं भी दूध की औसत कीमत 50 रुपए प्रति लीटर से कम कहीं नहीं है। एक किलो घी तैयार करने में 20 से 25 लीटर दूध खर्च होता है। यदि दूध गाय का है तो इसकी मात्रा और बढ़ जाती है। ऐसे में कैसे विश्वास किया जाए कि 320 रुपए प्रति किलोग्राम के हिसाब से कोई संस्था शुद्ध घी दे सकती है? हालांकि संस्था का दावा है कि घी के सह-उत्पाद मठे को बेचने से घाटे की पूर्ति हो जाती थी। यह बात भी तार्किक नहीं लगती है। इस मिलावट को लेकर देश के हिंदू धर्मावलंबियों के साथ शंकराचार्य भी चिंतित व आश्चर्यचकित हैं। इस मिलावट को अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र मानते हुए जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वर सरस्वती ने कहा है कि 'हिंदुओं को छलपूर्वक निषिद्ध गोमांस भक्षण कराकर उनको विधर्मियों ने धर्मच्युत करने का अंतरराष्ट्रीय दुष्चक्र रचा है। यह हिंदुओं की धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का सरकारी तंत्र की मिलीभगत से हनन का निंदनीय कृत्य है। इसलिए अब इस अनैतिक छदम् युद्ध से मुक्ति के लिए मंदिरों का प्रबंधन मंदिरों और धर्माचार्यों को दिया जाए। यह बात इसलिए सही लगती है, क्योंकि हमारे दूध डेयरी उद्योग पर अर्से से विदेशी निगाहें लगी हुई हैं। दरअसल वर्ष 2013-14 के दौरान देश में 1463 लाख टन दूध उत्पादन हुआ था, जो 2022-23 में बढ़कर 2306 लाख टन हो गया है। स्वतंत्रता के बाद दूध उत्पादन में यह सबसे अधिक वृद्धि है। भारत में प्रत्येक वर्ष दूध उत्पादन 5.9 प्रतिशत से ज्यादा की दर से बढ़ रहा है, जबकि दुनिया में दूध की औसत वृद्धि दर्ज प्रतिवर्ष मात्र दो प्रतिशत है। भारतीय दूध की मांग विदेश में भी बढ़ रही है। लगभग 150 देशों में भारत के सह दुग्ध उत्पादों की मांग बनी हुई है। पिछले वर्ष 65 लाख टन दुग्ध उत्पादन का निर्यात हुआ था। इस निर्यात के 2024 में और बढ़ने की उम्मीद हैं।

दूध की इस बढ़ती खपत के चलते दुनिया के देशों की निगाहें जीएम बीज की और कीटनाशकों के व्यापार की तरह इस व्यापार को भी हड़पने में लगी हैं। दुनिया की सबसे बड़ी दूध का कारोबार करने वाली फ्रांस की कंपनी लैक्टेल है। इसने भारत की सबसे बड़ी हैदराबाद की 'तिरूमाला डेयरी' को 1750 करोड़ रुपए में खरीद लिया है। क्योंकि दूध का यह कारोबार विश्व स्तर पर करीब 16 फीसदी की दर से हर साल बढ़ रहा है। अमेरिका भी अपने देश में बने सह उत्पाद भारत में खपाने की तिकड़म में है। हालांकि फिलहाल उसे सफलता नहीं मिली है। अमेरिका चीज ;पनीरद्ध भारत में बेचना चाहता है। इस चीज को बनाने की प्रक्रिया में बछड़े की आंत से बने एक पदार्थ का इस्तेमाल होता है। इसलिए भारत के शाकाहरियों के लिए यह पनीर वर्जित है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# बागी होकर मंत्री बनने के मजे




दिनेश विजयवर्गीय
व्यंग्यकार


फिर से प्रदेश में चुनाव होने जा रहे थे। ऐसे में विधायक मुंशीराम पिछले एक सप्ताह से फिर टिकट प्राप्त करने के लिए के लिए उठा पटक में व्यस्त थे। पर पर उन्हें टिकट नहीं मिला। वह टिकट नहीं मिलने से आलाकमान से नाराज थे।

ऐसे में उन्होंने समय रहते अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए अपने समर्थकों के साथ बागी बनाकर निर्दलीय खड़े होने का मन बना लिया। वह जानते थे की पार्टी का अनुशासन न माना तो नुकसान उठाना होगा। नेतागिरी बनाए रखने के लिए तो कुछ करना ही पड़ता। मुंशीराम यह अच्छे से जानते हैं कि राजनीति में जाने वाले, जन सेवा के नाम पर मेवा प्राप्ति के लिए ही जाते हैं। यदि समर्थकों के साथ निर्दलीय बन जीत गए तो, फिर से मेवा भरी जिंदगी में बनी रहेगी। परिजन सुख सम्पन्नता से आनंद उठाते रहेंगे। यदि उनके जीतने के बाद मंत्रिमंडल बनने में विधायकों की कमी के चलते उन्हें भी सत्ता के लिए आमंत्रित किया गया तो मंत्री पद निश्चित है।

अब मुंशी अपने विधानसभा क्षेत्र में अपने समर्थकों के साथ कहीं पैदल कहीं मोटरसाइकिलों से घूमने लगे । वह जनता को अपने किए गए काम याद दिलाते और भविष्य के लिए विश्वास दिलाते कि उन्हें जनता ने फिर से विधायकी सौंपी तो पूरी क्षमता से जन सेवा में जुटे रहेंगे। जितना संभव होगा वह काम से पीछे नहीं हटेंगे। वह जनता को भरोसा दे कर आगे बढ़ जाते।

चुनाव संपन्न हो गया मुंशीराम की किस्मत इन्द्रधनुषी रंगों से चकमक हो गई। मंत्रिमंडल बनाने के लिए दोनों प्रमुख पार्टी में एक विधायक की कमी हो रही थी। दोनों ओर के नेता उनसे संपर्क साधने लगे और बढ़ चढ़कर ऑफर देने लगे। कोई कहता 'मंत्री बनाएंगे और इतना ही नहीं मलाईदार विभाग भी देंगे। दूसरे पार्टी वाले कहते, हमारी पार्टी तो तुम्हारी मूल पार्टी है, उसी में चले आओ। तुम्हें फिर से प्राथमिक सदस्यता दिला दी जाएगी और उप मुख्यमंत्री बना देंगे।और कई सुविधाएं भी तुम्हारे हिस्से में आएंगी।'

मुंशीराम धर्म संकट में थे, किधर जाएं किधर नहीं। यही चिंतन चलता रहा। अंत में समझदार पत्नी ने सलाह दी कि 'जिस पार्टी में अब तक रहे हो उसी में का दामन थाम लो। दल बदलू भी नहीं कहलाओगे और प्रतिष्ठा भी फिर से पहले जैसी हो जाएगी।' मुंशीराम ने रात को ही सोने से पहले अपनी मूल पार्टी के अध्यक्ष को फोन पर अपना पार्टी में आने का निर्णय बता दिया। सुबह अखबार में उनसे मुंशीराम के फोटो सहित समाचार प्रकाशित हुआ। मुंशीराम फिर से अपनी मूल पार्टी के हुए। उन्हें उप मुख्यमंत्री पद मिलने की संभावना है। उनके समर्थक समाचार पढ़कर मुंशीराम के घर पर एकत्र हो गए। देखते ही देखते ढोल नगाड़े बजने लगे। समर्थकों और प्रशंसको ने मुंशीराम को मालाएं पहनाकर उनका मीठा मुंह करवाया। और देर तक जयकारे लगाते हुए उन्हें लिये मंशापूर्ण गणेश जी मंदिर पर चल दिए।

## नॉलेज कॉर्नर: उपभोक्ताओं को होगी बचत, पेट्रोल के मुकाबले काफी सस्ता

# अब पेट्रोल की जगह 'एथेनॉल' से चलेंगे वाहन

वर्तमान समय में हर किसी को कार चलाना पसंद है। कार चलाने के लिए ईधन का उपयोग होता है, हालांकि आजकल इलेक्ट्रिक कार भी बाजारों में आने लगी हैं, लेकिन अभी भी अधिकतर कारें पेट्रोल से ही चलती हैं। दरअसल बढ़ती पेट्रोल की दरों के कारण एक तकनीक का उपयोग कर पेट्रोल का विकल्प खोजा गया है। अभी तक जिस पेट्रोल का उपयोग हम करते आए हैं, उसमें कुछ प्रतिशत हिस्सा एथेनॉल का होता है। मगर अब फ्लेक्स फ्यूल के माध्यम से ऐसी कारों का निर्माण किया जा रहा है जो पूरी तरह से एथेनाल पर चलेंगी। इस तरह के ईंधन को पेट्रोल, इथेनॉल या मेथनॉल के मिश्रण से बनाया जाता है। नॉलेज कॉर्नर में विस्तार से जानते हैं इथेनॉल के बारे में...

### ऐसे बनता है फ्लेक्स फ्यूल

फ्लेक्स फ्यूल ईंधन के तौर पर इथेनॉल को जाना जाता है। इसे गन्ने व मक्के से बनाया जाता है। भारत में इसका उत्पादन बड़े पैमाने पर होता है, क्योंकि ये फसलें देश में पर्याप्त मात्रा में होती हैं। इथेनॉल की सबसे खास बात ये है कि ये पेट्रोल के मुकाबले काफी सस्ता है, जहां पेट्रोल 100 रुपए लीटर है वहीं इसकी लागत 60 से 70 रुपए तक आती है। इसलिए इसे एक बेहतर विकल्प के तौर पर देखा जा रहा है। फ्लेक्स फ्यूल



शब्द फ्लेक्सिबल फ्यूल का एक संक्षिप्त रूप है। ब्राजील, जर्मनी और फ्रांस जैसे कुछ देश पहले से ही फ्लेक्स फ्यूल और फ्लेक्स-फ्यूल इंजन का उपयोग कर रहे हैं। इसे पर्यावरण के लिए एक क्लीनर के रूप में देखा जाता है, क्योंकि इथेनॉल या मेथनॉल पेट्रोल की तुलना में यह अधिक कुशलता से जलता है, जिससे प्रदूषण कम होता है। भारत में फ्लेक्स-फ्यूल का उपयोग करने से भारत के कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के साथ-साथ अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। भारत में स्थानीय स्थर पर इसका उत्पादन होने से अन्य देशों पर भारत की निर्भरता कम होगी।

### क्या है एथेनॉल

एथेनाल एक तरह का ईंधन है, जो पेट्रोल के साथ मिलकर काम करता है। पेट्रोल की कीमत से सस्ता होने के कारण भारत सरकार ने साल 2025 तक पेट्रोल में करीब 20 प्रतिशत एथेनॉल के मिश्रण का लक्ष्य रखा है। भारत के अलावा दुनिया के और भी देश इसके इस्तेमाल के लिए प्रयास कर रहे हैं। एथेनॉल एक तरह के अल्कोहल के रूप में काम करता है, जिसे वाहनों के पेट्रोल में मिलाकर गाड़ियों में फ्यूल की तरह इस्तेमाल किया जा सकता है। इसका निर्माण गन्ने की फसल से होता है, लेकिन शर्करा वाली कई अन्य फसलों से भी इसे तैयार किया जा सकता है।


**हाइड्रोजन-जनित बिजली आधारित**

*एथेनॉल-फ्यूल को लेकर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी टोयोटा इनोवा का संस्करण लॉन्च कर चुके हैं, जो एथेनॉल-फ्यूल संस्करण दुनिया का पहला बीएस-VI (स्टेज-II) विद्युतीकृत फ्लेक्स-फ्यूल वाहन है। साल 2022 में गडकरी ने टोयोटा की मिराई ईवी को पेश किया था, जो पूरी तरह से हाइड्रोजन-जनित बिजली पर आधारित है।* कंटेंट: प्रताप सिंह नेगी

X



**भजनलाल शर्मा**, मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
जम्मू कश्मीर प्रवास के दौरान केन्द्रीय मंत्री डॉ जितेन्द्र सिंह के साथ जम्मू स्थित कठुआ जिले में बनी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी जीवन लाल के समर्थन में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया व जनता से भाजपा के पक्ष में अधिकाधिक मतदान करने का आग्रह किया। सभा में भाजपा सरकार बनाने हेतु जनता जनार्दन का यह जोश व उत्साह प्रमाणित करता है कि विधानसभा बनी के सभी बूथों पर इस चुनाव में कमल खिल रहा है।



**अशोक गहलोत**, पूर्व, सीएम, राजस्थान
@ashokgehlot51
आंध्र प्रदेश में श्री तिरुपति मंदिर के प्रसाद को लेकर चल रहा विवाद बेहद गंभीर है। यह भारत देश के करोड़ों भक्तों की श्रद्धा एवं आस्था से जुड़ा हुआ विषय है। केन्द्र सरकार को आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक समिति बनाकर इस मामले की सच्चाई उजागर करनी चाहिए। साथ ही, किसी भी धार्मिक स्थल पर वहां की परम्पराओं के अनुरूप ही कार्य हो, इसके लिए मानक प्रक्रियाएं भी निर्धारित की जानी चाहिए।

### जम्मू कश्मीर: कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर साधा निशाना, कहा-उनमें अब वो बात नहीं

# J&K के लोगों का हक छीना, हम करेंगे राज्य का दर्जा बहाल: राहुल गांधी

एजेंसी | पुंछ/ श्रीनगर

जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए चुनाव प्रचार थमने से पहले गति दो दिन से सियासी पारा चरम पर रहा।

एक दिन पहले भाजपा नेताओं की ताबड़तोड़ चुनावी रैलियों के बाद सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पुंछ और श्रीनगर में चुनाव सभाओं को संबोधित किया और भाजपा व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। इसके साथ ही उन्होंने पा जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने का वादा किया और आश्वासन दिया



कि पार्टी जम्मू-कश्मीर के लोगों के सभी अधिकारों की बहाली के लिए लड़ेगी। राहुल गांधी ने पुंछ में चुनावी रैली के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला बोला और कहा कि अब वह बदल चुके हैं। आज वह नरेंद्र मोदी नहीं रह गए हैं, जो पहले हुआ करते थे। हमने उनको मनोवैज्ञानिक तौर पर खत्म कर दिया है।

राहुल गांधी ने कहा, जो पहले नरेंद्र मोदी थे, 56 इंच की छाती वाले। आपको उनका चेहरा दूर से दिखता है, मैं तो संसद में सामने रहता हूं। साफ दिखता है कि पहले जो नरेंद्र मोदी थे, आज वह नहीं है। आज विपक्ष जो करवाना चाहता है, वह करवा लेता है। वे कोई कानून लाते हैं तो हम उनके सामने खड़े हो जाते हैं और फिर वे नया कानून लाते हैं। राहुल ने कहा कि कहा कि ऐसा बहुत बार हुआ है कि केंद्र शासित प्रदेश को राज्य बनाया गया। कई बार राज्यों का बंटवारा हुआ और एक से दो राज्य बने। मगर ऐसा पहली बार हुआ कि एक राज्य को केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया। आपका जो हक है, वह आपसे छीना गया है। भारत के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है। एक राज्य से कहा गया कि आप अब राज्य नहीं रहेंगे बल्कि केंद्र शासित प्रदेश होंगे।

### सिर्फ दो तीन लोगों के लिए करते हैं काम

राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि पूरे देश में नरेंद्र मोदी ने बेरोजगारी फैला रखी है। वे सिर्फ 2 से तीन लोगों के लिए काम करते हैं। इन्होंने देश के 25 अरबपतियों का 16 लाख करोड़ रुपए का कर्ज माफ किया है। छोटे कारोबारियों को इन लोगों ने खत्म कर दिया है। नतीजा यह है कि हिन्दुस्तान में कहीं भी रोजगार नहीं है और यही हाल जम्मू-कश्मीर में भी है।

### दिल्ली से चलती है जम्मू कश्मीर की सरकार

राहुल ने कहा कि आज आपकी ( जम्मू कश्मीर की) सरकार ही यहां से नहीं चलती बल्कि दिल्ली से आदेश आता है। हम चाहते थे कि आपको चुनाव से पहले ही राज्य का दर्जा मिल जाए। हम चाहेंगे कि चुनाव होते ही ऐसा हो जााए। ये लोग बांटने का काम भी करते हैं। भाषा को भाषा से, राज्य को दूसरे राज्य से और धर्म, जाति के आधार पर भी ये झगड़ा कराते हैं। यहां भी इन्होंने पहाड़ी और गुर्जर भाइयों को लड़ाने की कोशिश की। मैं बता देता हूं कि इनका यह प्रोजेक्ट फेल होगा। राहुल गांधी ने श्रीनगर में कांग्रेस उम्मीदवार तारिक हमीद कर्रा के समर्थन में एक बड़ी चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होने राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने का वादा किया और कहा कि मैं आपको गारंटी देता हूं कि हम भाजपा पर सबसे पहला दबाव राज्य का दर्जा बहाल करने का डालेंगे। अगर भाजपा इसे बहाल नहीं करती है, तो मैं वादा करता हूं कि कांग्रेस इसे बहाल करेगी। यह आपका संवैधानिक अधिकार है।

### केम्पन्ना आयोग की रिपोर्ट पर विचार के बाद फैसला

**बेंगलुरु।** मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कथित आर्कावती लेआउट घोटाले पर न्यायाधीश एच एस केम्पन्ना आयोग की रिपोर्ट के संबंध में पूर्ववर्ती सरकार की कथित निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए भाजपा पर पलटवार किया और कहा कि उनकी सरकार इस संबंध में कई पहलुओं पर विचार करने के बाद रिपोर्ट पर निर्णय लेगी। ज्ञात रहे कि राज्यपाल ने मुख्य सचिव शालिनी रजनीश को पत्र लिखकर कथित अर्कावती लेआउट घोटाले में केम्पन्ना आयोग की रिपोर्ट की एक प्रति और अन्य संबंधित जानकारी मांगी है। इस कथित घोटाले में सिद्धरमैया के पिछले कार्यकाल के दौरान भूमि को गैर-अधिसूचित करने का आरोप है। सिद्धारमैया ने कहा, 'मुझे नहीं पता, मैं इसे देखूंगा। भाजपा चार साल तक सत्ता में रही। उन्होंने ऐसा क्यों नहीं किया? वे सत्ता में थे, उन्होंने इसे (रिपोर्ट को) विधानसभा में क्यों नहीं पेश किया? अब सी. टी. रवि (भाजपा विधान पार्षद) ने (राज्यपाल को) एक पत्र लिखा है। वह भाजपा सरकार में मंत्री थे। उन्होंने तब ऐसा क्यों नहीं किया?

### ब्राह्मण-क्षत्रिय आर्थिक विकास बोर्डों का होगा गठन

**मुंबई।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले सोमवार को राज्य सरकार ने कैबिनेट बैठक में 24 अहम फैसले लिए हैं। महायुति सरकार ने ब्राह्मण और राजपूत समुदाय के लिए आर्थिक विकास महामंडल गठित करने की मंजूरी दी है। इनकी स्थापना ब्राह्मण और क्षत्रिय समुदाय के आर्थिक विकास के लिए की गई है। दोनों बोर्डों के लिए 50-50 करोड़ रुपए का आवंटन भी किया गया है। वहीं, तीन कुनबी उपजातियों को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) में शामिल करने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में ब्राह्मण समुदाय के लिए भगवान परशुराम आर्थिक विकास निगम को कैबिनेट की मंजूरी दी है।

### गृह मंत्री शाह ने हरियाणा में चुनाव सभाओं में कांग्रेस को घेरा

# दलित विरोधी है कांग्रेस, शैलजा व तंवर का अपमान किया: शाह

एजेंसी | चंडीगढ़

हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है और राज्य में सियासी पारा चढ़ता जा रहा है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए इसे दलित विरोधी पार्टी बताया है और कहा है कि इसने कुमारी शैलजा और अशोक तंवर जैसे दलित नेताओं का अपमान किया है।

अमित शाह ने आरक्षण पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी पर भी निशाना साधा और कहा है कि अगर कोई आरक्षण की रक्षा कर सकता है तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। अमित शाह ने हरियाणा के फतेहाबाद के टोहाना और यमुनानगर के जगाधारी में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। हरियाणा में 5 अक्टूबर को चुनाव होने हैं।

अमित शाह ने कहा, जब कांग्रेस की सरकारें थीं दिल्ली के दामाद को खुश करने के लिए हरियाणा में किसानों की भूमि कौड़ी के मोल बिकी। उन्होंने कहा कि भूपेंद्र हुड्डा साहब की सरकार में, डीलरों का बहुत दबदबा था, दामाद का दबदबा था और भ्रष्टाचारियों का दबदबा था। भाजपा ने डीलर और दामाद की सरकार को खत्म कर दिया है।



### कांग्रेस नेता टिकट के लिए लड़ रहे हैं आपस में

अमित शाह ने सोमवार को कहा कि शाह ने जगाधरी में रैली को संबोधित करते हुए कहा, कांग्रेस नेता विधानसभा चुनाव के टिकटों को लेकर आपस में लड़ रहे हैं। उन्होंने हरियाणा में मुख्यमंत्री पद के लिए कांग्रेस की अंदरूनी कलह की ओर भी इशारा किया। उन्होंने कहा, हुड्डा पिता और पुत्र आपस में लड़ रहे हैं। वे टिकट वितरण को लेकर भी लड़ रहे हैं। जबकि भाजपा में मनोहर लाल खट्टर ने खुद युवा नेता नायब सिंह सैनी के लिए अपनी सीट छोड़ दी थी।

### राहुल गांधी पर जमकर साधा निशाना, सिखों का अपमान करने का लगाया आरोप

शाह ने इस दौरान राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने राहुल गांधी के अमेरिका में दिए बयान पर कहा, पूरा देश सिख गुरुओं पर नाज करता है। हर घर में नानक देव महाराज की तस्वीर लगी है और ये राहुल बाबा कहते हैं कि सिखों को भारत में पगड़ी पहनने की स्वतंत्रता नहीं है, सिखों को भारत में कड़ा पहनने की स्वतंत्रता नहीं है, गुरुद्वारा जाने की इजाजत नहीं है। राहुल बाबा, आप किस भारत की बात कर रहे हैं। यहां हम सब शान से पगड़ी बांधकर गुरुग्रंथ साहब के सामने मत्था टेकते हैं। शाह ने आगे कहा, सिख पंथ का अपमान करने का आपका इतिहास रहा है। दिल्ली के दंगों में आपकी सरकार के दौरान सड़कों पर हजारों सिखों का कत्ल-ए आम-हुआ। यहां तक कि बच्चों और माताओं को भी नहीं बख्शा गया। राहुल बाबा, अगर आप कुछ करना चाहते हैं, तो पगड़ी पहनें, गुरुद्वारा जाएं और हमारे सिख भाइयों से माफी मांगें।"

### केंद्रीय गृहमंत्री ने वन रैंक, वन पेंशन को लेकर साधा निशाना

अमित शाह ने 'वन रैंक, वन पेंशन योजना को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, हर दसवां सैनिक हरियाणा से आता है। मैं उन माताओं को सलाम करता हूं जो हमारी रक्षा के लिए अपने बेटों को सेना में भेजती हैं। मैं कांग्रेस से कहना चाहता हूं कि हरियाणा के हमारे जवान भी 40 साल से वन रैंक, वन पेंशन की मांग कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस पार्टी इस पर कभी सहमत नहीं हुई।

### आतंकवाद के मुद्दे पर घेरा

केंद्रीय मंत्री ने आतंकवाद के मुद्दे पर भी कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा, वे (कांग्रेस) कह रहे हैं कि जो आतंकवादी जेल में हैं, जो पत्थरबाज जेल में हैं, उन्हें रिहा कर दिया जाएगा। मैं कहता हूं कि जब तक भाजपा है, हम हरियाणा, पंजाब या कश्मीर में आतंकवाद को पनपने नहीं देंगे। उन्होंने (कांग्रेस) वोट बैंक के लिए तुष्टीकरण की राजनीति की है। शाह ने कहा कि एक समय था जब हरियाणा में एक सरकार आती थी तो भ्रष्टाचार बढ़ जाता था। वहीं, जब दूसरी सरकार आती थी तो गुंडागर्दी होती थी। लेकिन हमारी सरकार ने भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी दोनों को खत्म कर दिया।

### पंजाब: मान मंत्रिमंडल में फेरबदल

# 5 नए मंत्री शामिल ओएसडी को हटाया



एजेंसी | चंडीगढ़

पंजाब की भगवंत मान सरकार में 5 नए मंत्रियों को शामिल किया गया है। तीन साल के अंदर यह मान सरकार में यह चौथा फेरबदल है। राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में विधायक तरुणप्रीत सिंह, बरिंदर गोयल, हरदीप मुंडिया, डॉ. रवजोत सिंह और मोहिंदर भगत को मंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

दरअसल, रविवार को मान कैबिनेट से 4 मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया था। जिसके बाद मंत्रिमंडल में फेरबदल किया है। इसके साथ ही राज्य की आम आदमी पार्टी की सरकार में मुख्यमंत्री सहित 16 सदस्य हो गए हैं। पंजाब विधानसभा में सदस्यों के आधार पर केवल 18 मंत्री ही हो सकते हैं। शपथ ग्रहण समारोह के पहले सीएम मान ने एक बड़ा फैसला लेते हुए ओएसडी ओंकार सिंह को भी पद से हटा दिया। शपथ के साथ ही नए मंत्रियों को उनके विभागों का भी बंटवारा कर दिया गया है, जिसमें तरुणप्रीत सिंह को पर्यटन और कल्चर अफेयर्स, इनवेस्टमेंट प्रमोशन, इंडस्ट्री एंड कॉमर्स और ग्रामीण विकास और पंचायती राज, बरिंदर गोयल को माइन्स और जियोलॉजी, जल संसाधन, जल और जमीन संरक्षण, हरदीप मुंडिया को राजस्व, आपदा प्रबंधन, वॉटर सप्लाई और शहरी विकास मंत्रालय, रवजोत सिंह को स्थानीय सरकार और संसदीय मामले, मोहिंदर भगत को रक्षा सेवाएं और बागवानी मंत्रालय की जिम्मदारी सौंपी गई।

### फेरबदल के पीछे सामाजिक समीकरण

पंजाब में पिछले विधानसभा चुनाव में बेहतरीन प्रदर्शन करके सरकार बनाने वाली आम आदमी पार्टी का प्रदर्शन लोकसभा चुनावों में उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। मान कैबिनेट में हुए बदलावों को लोकसभा चुनावों के प्रदर्शन के आधार पर ही देखा जा रहा है। सोमवार को शपथ लेने वाले 5 मंत्रियों में दो अनुसूचित जाति और दो जट और एक वैश्य समुदाय से ताल्लुक रखते हैं। मंत्रिमंडल में हुए इस फेरबदल के बाद पंजाब में अब केवल एक महिला मंत्री हैं।


### जम्मू-कश्मीर में दूसरे चरण का चुनाव प्रचार थमा

## 26 सीटें... 239 प्रत्याशी, मतदान कल

एजेंसी | जम्मू

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 26 सीटों पर होने वाले मतदान के लिए सोमवार शाम चुनाव प्रचार समाप्त हो गया। इस चरण में राजौरी, पुंछ, रियासी, गांदरबल, श्रीनगर और बडगाम जिलों के विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा।

दूसरे चरण में नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी), पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी), बीजेपी, कांग्रेस और निर्दलीय उम्मीदवारों सहित कई प्रमुख उम्मीदवार मैदान में हैं। कुल 239 उम्मीदवार अपना



सियासी भाग्य आजमा रहे हैं। चुनाव आयोग ने इन 26 निर्वाचन क्षेत्रों में वोटिंग के लिए 3,502 मतदान केंद्र बनाए हैं। कुल 25.78 लाख मतदाता इन उम्मीदवारों के चुनावी भाग्य का फैसला करेंगे। मतदान बुधवार की सुबह सात बजे से लेकर शाम को छह बजे तक होगा।


### ये दिग्गज हैं मैदान में

दूसरे चरण में नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला दो सीटों बडगाम और गांदरबल से चुनाव मैदान में हैं। इनके अलावा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा (सेंट्रल शाल्टेंग) व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रविंदर रैना (नौशेरा) चुनाव मैदान में है। कश्मीर संभाग में गांदरबल, श्रीनगर और बडगाम जिलों में 15 सीटों पर चुनाव होगा। जम्मू संभाग में गुलाबगढ़ (एसटी), राजौरी (एसटी) और मेंढर (एसटी) सहित 11 सीटों पर वोटिंग होंगी।

### आतिशी ने सीएम की कुर्सी रखी खाली, 'दूसरी कुर्सी' पर बैठीं...कहा-

## मेरा दर्द भरत जैसा, वैसे ही संभालूंगी पद

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को अपना पदभार संभाल लिया। लेकिन ,उन्होंने सीएम ऑफिस में अरविंद केजरीवाल की कुर्सी के बगल में दूसरी कुर्सी लगाकर पदभार संभाला है। उनका कहना है कि वह तब तक अरविंद केजरीवाल की कुर्सी पर नहीं बैठेंगी, जब तक दिल्ली की जनता उनकी ईमानदारी पर भरोसा नहीं जताती। उन्होंने कहा, जैसे भरत ने 14 साल तक भगवान राम की पादुकाएं



संभालकर रखी और कार्यभार संभाला वैसे मैं भी अगले चार महीनों तक दिल्ली का कार्यभार संभालूंगी। बतौर सीएम पदभार संभालने के बाद आतिशी ने कहा, मैंने दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला है। आज मेरा दर्द वैसा ही है जैसा भरत का था।

### भाजपा पर साधा निशाना

आतिशी ने कहा, अरविंद केजरीवाल ने मर्यादा और नैतिकता की मिसाल कायम की है। पिछले दो साल से भाजपा ने केजरीवाल की छवि खराब करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन पर झूठे मुकदमे लगाए गए, उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और छह महीने के लिए जेल में भी डाल दिया गया। उन्होंने कहा, दिल्ली के मुख्यमंत्री की कुर्सी अरविंद केजरीवाल की है। दिल्ली की जनता उन्हें फिर से सीएम चुनेगी।

### भाजपा ने किया पलटवार

भाजपा के प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि सीएम आतिशी और अरविंद केजरीवाल दिल्ली के अंदर लालू-राबड़ी और सोनिया-मनमोहन मॉडल चलाना चाहते हैं। ये राम राज्य को करप्शन राज्य बनाना चाहते हैं। दिल्ली की जनता का इतना अपमान क्यों की एक रबर स्टांप सीएम को मुख्यमंत्री की गद्दी पर बैठाया गया।

### भाजपा की पेशकश पर शैलजा की दो टूक

# मेरी रगों में कांग्रेस का खून... किसी की नसीहत की जरूरत नहीं: शैलजा

एजेंसी | नई दिल्ली

हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर जारी सियासी घमासान के बीच कांग्रेस महासचिव और सिरसा से सांसद कुमारी शैलजा ने अपनी नाराजगी की खबरों के बीच दो टूक कहा है कि उनकी रगों में कांग्रेस का खून है और वह कांग्रेसी ही रहेंगी।

61 वर्षीय दलित नेता का यह बयान तब आया है, जब राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने उन्हें भाजपा में शामिल होने का न्योता दिया है। उन्होंने कहा कि वह अगले दो-तीन दिनों में चुनाव प्रचार शुरू करेंगी। उन्होंने कहा, विभिन्न मीडिया रिपोर्टों के अनुसार पूर्व केंद्रीय मंत्री शैलजा



ने कहा, भाजपा के जो भी नेता आज टिप्पणी कर रहे हैं, उससे काफी लंबा राजनीतिक जीवन मेरा रहा है। ऐसे में मुझे किसी नसीहत की जरूरत नहीं है। मैं खुद अपना रास्ता तय करना जानती हूं। उन्होंने कहा कि भाजपा हो या कोई और दल, मुझे लेकर केवल भ्रम फैलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके रगों में कांग्रेस का खून है। जिस तरह मेरे पिता को पार्टी के झंडे में लपेटा गया था, उसी तरह शैलजा भी पार्टी के झंडे में लिपटकर जाएगी। उन्होंने एक टीवी चैनल और मीडिया से अलग-अलग बातचीत के दौरान ये बातें कहीं। कांग्रेस नेतृत्व के साथ अपनी बैठक के बारे में उन्होंने कहा, पार्टी नेताओं के साथ अक्सर चर्चा होती है, वो हमारा फीडबैक लेते हैं।

### हमने पार्टी को जिताने के लिए मेहनत की

शैलजा ने कहा कि पार्टी में 100 तरह की बातें होती हैं, लेकिन वो पार्टी के अंदर की बातें होती हैं। पार्टी को जिताने के लिए हमने लोकसभा चुनाव में मेहनत की, उसके बाद भी मेहनत की, इसलिए कि हम जमीन पर कांग्रेस पार्टी को मजबूत कर सकें, हरियाणा के लोगों की लड़ाई लड़ें, अपने कार्यकर्ताओं की लड़ाई लड़ें। उन्होंने कहा कि हमें उसी काम को आगे ले जाते हुए कांग्रेस की सरकार बनानी है। उन्होंने कहा कि वह अगले दो-तीन दिनों में चुनाव प्रचार शुरू करेंगी। भाजपा के कटाक्ष और उनको अपने साथ आने का निमंत्रण देने के सवाल पर कांग्रेस नेता ने कहा, मैं चुप थी, इसलिए वो कुछ-कुछ बातें करते हैं। उनको भी मालूम और सबको मालूम है कि शैलजा कांग्रेसी हैं।

### हां, है मुख्यमंत्री पद की इच्छा

शैलजा ने मुख्यमंत्री पद कि इच्छा को लेकर स्पष्ट कहा है कि उन्हें बिल्कुल इच्छा है। यह नहीं कहा जा सकता कि मुख्यमंत्री पद की इच्छा नहीं है। उन्होंने कहा कि, चुनाव में टिकट ना दिया जाना पार्टी का फैसला है। सीएम पद की दावेदारी कोई भी रख सकता है। वरिष्ठता का स्तर भी भी है। वह चीजें मैंने कहीं और उसका खामियाजा भी भुगतना पड़ा। उन्होंने कहा, मैं बार-बार कह चुकी हूं कि जो भी राजनीतिक रास्ता हम तय करते हैं, उसमें बहुत सारे लोग साथ जुड़ते हैं। सबको लेकर चलना होता है। शैलजा की लड़ाई केवल अपने लिए नहीं बल्कि कमजोर वर्ग के लिए है। इसमें केवल उस समुदाय की बात नहीं है जिसमें मैं पैदा हुई हूं बल्कि महिलाओं की भी बात होनी चाहिए।

### अब तो भाजपा ने मान ली हार: हुड्डा

इस बीच, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने ने कहा है कि शैलजा को पार्टी में शामिल करने की अपील कर भारतीय जनता पार्टी ने हार मान ली है। उन्होंने शैलजा को वरिष्ठ और जिम्मेदार नेता बताते हुए तारीफ की। हुड्डा ने मतदाताओं से कांग्रेस उम्मीदवारों को वोट देने की अपील की है। अभय चौटाला के मुख्यमंत्री बनने की संभावनाओं को लेकर उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सभी को अपने विचार रखने का अधिकार है, लेकिन शासन कांग्रेस का होगा। उन्होंने भाजपा और जननायक जनता पार्टी के शासन पर भी सवाल उठाए।

### शैलजा की 26 को नरवाना में सभा

इस बीच, पार्टी महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने सोमवार को कहा कि सैलजा 26 सितंबर को नरवाना में चुनावी सभा



को संबोधित करेंगी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव 61 वर्षीय सैलजा पार्टी का एक प्रमुख दलित चेहरा हैं। हरियाणा में आगामी पांच अक्टूबर को मतदान होने जा रहा है। ऐसे में सत्तारूढ़ भाजपा, दलित नेता के चुनाव प्रचार से दूर रहने को लेकर कांग्रेस पर लगातार निशाना साध रही है।

## भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात ... पूछे हाल, गले मिले





*नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान रविवार रात न्यूयॉर्क में भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित किया और उनसे मुलाकात की।*

## जरूरी खबर

### ओडिशा: यौन उत्पीड़न केस की न्यायिक जांच होगी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने रविवार को भुवनेश्वर के भरतपुर पुलिस स्टेशन में एक सेना अधिकारी और उसकी मंगेतर के कथित यौन और शारीरिक उत्पीड़न की न्यायिक जांच के आदेश दिए। ओडिशा मुख्यमंत्री कार्यालय के एक्स हैंडल से एक पोस्ट में कहा गया, जांच न्यायाधीश चित्तरंजन दास द्वारा की जाएगी। अदालत से अपनी सीधी निगरानी में मामले की आपराधिक जांच में तेजी लाने का भी अनुरोध किया गया है। यह घटना तब 14 सितंबर की है। सैन्य अधिकारी और उनकी मंगेतर भुवनेश्वर में अपने घर लौट रहे थे। बदमाशों ने उनका पीछा किया। वे बदमाशों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने पुलिस थाने में गए थे। उनका आरोप है कि पुलिस ने उन्हें थाने में पीटा।

### बदलापुर रेप केस का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में ढेर

**मुंबई।** महाराष्ट्र के बदलापुर दुष्कर्म कांड के आरोपी अक्षय शिंदे की पुलिस की जवाबी फायरिंग में मौत हो गई है। उसने पुलिस से रिवॉल्वर छीनकर पुलिसकर्मी पर फायरिंग की थी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की थी, जिसमें वह घायल हो गया था। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसने दम तोड़ दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अक्षय शिंदे को तलोजा जेल से जांच के लिए बदलापुर ले जाया जा रहा था। शिंदे ने एक पुलिसकर्मी की रिवॉल्वर छीन ली और सहायक पुलिस निरीक्षक पर गोली चला दी।

## संयुक्त राष्ट्र महासभा में पीएम मोदी का आह्वान

# वैश्विक शांति और विकास के लिए संस्थाओं में सुधार जरूरी




*सीईओ के साथ पीएम मोदी*



*यूएन में संबोधन*

**एजेंसी** | न्यूयॉर्क

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अमेरिका के न्यूयॉर्क में 79वें संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र को संबोधित किया। उन्होंने 'समिट ऑफ द फ्यूचर' में कहा, मानवता की सफलता हमारी सामूहिक शक्ति में निहित है, युद्ध के मैदान में नहीं। वैश्विक शांति और विकास के लिए वैश्विक संस्थाओं में सुधार महत्वपूर्ण हैं। सुधार प्रासंगिकता की कुंजी है।

एक तरफ वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए आतंकवाद जैसा बड़ा खतरा है, वहीं दूसरी ओर साइबर, मैरिटाइम, स्पेस जैसे संघर्ष के नए मैदान बन रहे हैं। इन सभी मुद्दों पर वैश्विक कार्रवाई वैश्विक महत्वाकांक्षा से मेल खानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जून में मानव इतिहास के सबसे बड़े चुनाव में भारत के लोगों ने मुझे लगातार तीसरी बार सेवा का अवसर दिया है और मैं यहां मानवता के छठे हिस्से की आवाज आप तक पहुंचाने आया हूं। पीएम मोदी ने कहा, जब हम वैश्विक भविष्य( ग्लोबल फ्यूचर) के बारे में बात कर रहे हैं, तो मानव-केंद्रित दृष्टिकोण सर्वप्रथम होना चाहिए। सतत विकास को प्राथमिकता देते हुए, हमें मानव कल्याण, भोजन, स्वास्थ्य सुरक्षा भी सुनिश्चित करनी होगी। हमने भारत में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालकर दिखाया है कि सतत विकास सफल हो सकता है। हम सफलता के इस अनुभव को ग्लोबल साउथ के साथ साझा करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग के लिए संतुलित विनियमन की आवश्यकता है। हमें ऐसे वैश्विक डिजिटल शासन की जरूरत है जिसमें राष्ट्रीय संप्रभुता और अखंडता अक्षुण्य रहे। डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर एक पुल होना चाहिए न कि बाधा।

### फिलिस्तीन के राष्ट्रपति व कुवैत के प्रिंस से मुलाकात

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के इतर कुवैत के क्राउन प्रिंस शेख सबा खालिद अल-हमद अल-सबाह और फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। मोदी ने सएक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कुवैत के क्राउन प्रिंस के साथ उनकी बातचीत बहुत ही सार्थक रही और उन्होंने फार्मा, खाद्य प्रसंस्करण, तकनीक, ऊर्जा और अन्य क्षेत्रों में संबंधों पर चर्चा की।

### 'वन अर्थ, वन फैमिली और वन फ्यूचर'

नरेंद्र मोदी ने कहा, भारत के लिए 'वन अर्थ', 'वन फैमिली' और 'वन फ्यूचर' (एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य)एक प्रतिबद्धता है। यही प्रतिबद्धता हमारे 'वन अर्थ', 'वन हेल्थ' और 'वन सन', 'वन वर्ल्ड', 'वन ग्रिड' जैसी पहल में भी दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि पूरी मानवता के हितों की रक्षा और वैश्विक समृद्धि के लिए भारत 'मनसा, वाचा, कर्मणा' से काम करता रहेगा। बता दें कि पीएम मोदी अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा के तहत न्यूयॉर्क में हैं।

### प्रौद्योगिकी कंपनियों के सीईओ से मुलाकात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न्यूयॉर्क में एक गोलमेज सम्मेलन में एडोब, एक्सेंचर, गूगल और आईबीएम समेत 15 प्रौद्योगिकी कार्यकारी अधिकारियों (सीईओज) से मुलाकात की तथा प्रौद्योगिकी एवं नवाचार से संबंधित पहलुओं पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह भारत के प्रति अपार आशावाद देखकर प्रसन्न हैं। गोलमेज सम्मेलन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम; जैव प्रौद्योगिकी और जीवन विज्ञान; कंप्यूटिंग, आईटी और संचार; और सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित किया गया। मोदी ने जोर देकर कहा कि अपने तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए हर संभव प्रयास करेंगें। उन्होंने कंपनियों को सहयोग और नवाचार के लिए भारत की विकास कहानी का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

## तिरुपति मंदिर का हुआ शुद्धीकरण

# पुजारी बोले: अब चिंता की कोई बात नहीं, आएं और प्रसाद घर ले जाएं



**एजेंसी** | अमरावती

आंध्र प्रदेश के तिरुपति में भगवान वेंकटेश्वर मंदिर का सोमवार को 'शुद्धीकरण' किया गया। इसके लिए 4 घंटे का 'शांति होमम् पंचगव्य प्रोक्षण' अनुष्ठान चला। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के सूत्र ने बताया कि यह अनुष्ठान सुबह 6 बजे से 10 बजे तक चला।

उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य तिरुपति के लड्डुओं को बनाने में पशु चर्बी के इस्तेमाल जैसे कथित कृत्यों से हुए अपवित्रीकरण के बाद मंदिर का शुद्धीकरण करना है। टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी जे. श्यामला राव ने कहा था कि इस अनुष्ठान के जरिए श्रीवरि भक्तों के कल्याण की कामना करते हुए नकारात्मक प्रभावों को नष्ट किया जाएगा। साथ ही लड्डू प्रसादम की पवित्रता को बहाल किया जाएगा।

मंदिर के मुख्य पुजारियों में से एक कृष्ण शेषचला दीक्षितुलु ने कहा कि सुबह 6 बजे के बाद हमने भगवान वेंकटेश्वर का आशीर्वाद लिया और इजाजत लेकर गर्भगृह में गए।

अब सब कुछ शुद्ध हो गया है। उन्होंने कहा, 'सभी भक्तों से मेरा अनुरोध है कि अब उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है। आप सब भगवान बालाजी के दर्शन करें और प्रसाद लेकर अपने घर जाएं।'

## सुब्रमण्यम स्वामी ने SC का दरवाजा खटखटाया

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने तिरुपति मंदिर के प्रसाद के लड्डू बनाने में पशुओं की चर्बी के कथित इस्तेमाल की जांच अदालत की निगरानी में किए जाने की मांग की है। इसे लेकर उन्होंने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

स्वामी ने न्यायालय से अनुरोध किया कि वह आंध्र प्रदेश सरकार को लड्डू बनाने में इस्तेमाल किए गए घी के स्रोत और सैंपल पर विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दे। उन्होंने कोर्ट से यह भी गुहार लगाई कि वह संबंधित अधिकारियों से फोरेंसिक रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए अंतरिम निर्देश जारी करे। स्वामी ने अपनी याचिका के बारे में सोशल मीडिया मंच एक्स एक पोस्ट में लि जनहित याचिका दायर करने की जानकारी दी। इसके अलावा, तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम के पूर्व अध्यक्ष व राज्यसभा सदस्य वाईवी सुब्बा रेड्डी ने भी न्यायालय में याचिका दायर की है। उन्होंने शीर्ष अदालत के रिटायर्ड जज के नेतृत्व वाली स्वतंत्र समिति की ओर से जांच कराए जाने की अपील की है।

## नौसेना का साहसिक अभियान

# समुद्र की राह... दुनिया की परिक्रमा करेंगी दो जांबाज

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय नौसेना की दो महिला अधिकारी नौका आईएनएसवी तारिणीमें सवार होकर समंदर के रास्ते दुनिया की सैर पर निकलेंगी। वे 8 महीनों तक समंदर में नाव को चलाकर 21600 नॉटिकल माइल्स (40100 किलोमीटर) का सफर पूरा करेंगी।

भारतीय नौसेना का सागर परिक्रमा का यह दूसरा एडिशन है। इससे पहले 2017 में नेवी की छह महिला अधिकारियों ने सरकम नेविगेशन (समुद्र के रास्ते दुनिया मापना) पूरा किया था। आईएनएसवी तारिणी 17 मीटर लंबी और 5 मीटर चौड़ी नाव है। नौसेना के उपाध्यक्ष वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने बताया कि लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा 2 अक्टूबर को गोवा से सागर परिक्रमा शुरू करेंगी। आठ महीनों में यह सफर पूरा होगा और इस दौरान ये दोनों अधिकारी 21600 नॉटिकल माइल्स (40100 किलोमीटर) से ज्यादा नाव चलाकर सफर पूरा करेंगी। नाव चलाने के लिए कोई बाहर से सपोर्ट नहीं होगा यानी कोई इंजन नहीं होगा और बोट को हवा की ताकत से ही चलाना होगा। इस दौरान हाई सी, खराब मौसम से सामना होगा और यह मानवीय धैर्य की परीक्षा भी होगी।

### 2 अक्टूबर को शुरू होगा सागर परिक्रमा का दूसरा सफर




### तीन साल से जारी है तैयारी

लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना और रूपा सागर परिक्रमा के लिए करीब तीन साल से तैयारी कर रही हैं। नौसेना ने सागर परिक्रमा के दूसरे एडिशन के लिए वॉलेंटियर्स मांगे थे और कई महिला अधिकारी सामने आईं। जिसमें ये दो महिला अधिकारी चयनित हुईं। तैयारी के दौरान इन दोनों ने गोवा से मॉरिशस, कैपटाउन होते हुए रियो-डी-जेनरो और वहां से वापस, गोवा से पोर्ट ब्लेयर तक का सफर भी बोट में पूरा किया। इन्होंने मेडिकल के गुर सीखे ताकि 8 महीने के सफर में खुद का ध्यान रख सकें। साथ ही नाव का रखरखाव भी सीखा। क्योंकि 8 महीने की सागर परिक्रमा में इन्हें सब खुद ही करना होगा।

### भूमध्य रेखा को दो बार करना होगा पार

लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना और रूपा ने बताया कि सागर परिक्रमा के लिए जरूरी है कि उसी पोर्ट पर सफर खत्म करना होगा जहां से शुरू किया है। किसी नहर या जल डमरू मध्य से होते हुए नहीं गुजरना है। भूमध्य रेखा को कम से कम दो बार पार करना है। यह सफर कम से कम 21600 नॉटिकल माइल्स (40100 किलोमीटर) का होना चाहिए। तीन केप्स से होकर गुजरना ही होगा इसमें ऑस्ट्रेलिया की केप ल्यूविन, साउथ अमेरिका की केप होर्न, साउथ अफ्रीका मे केप ऑफ गुड होप्स शामिल है। साथ ही इंटरनेशल डेटलाइन को भी पार करना होगा।

## राष्ट्रमंडल संसदीय संघ सम्मेलन

# भारतीय संविधान समावेशी शासन का उदाहरण: बिरला

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को विधानमंडलों की कार्यकुशलता और कार्यप्रणाली में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान समावेशी शासन की भावना का सबसे सशक्त उदाहरण है, जो विकास के पथ पर सबको साथ लेकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है और हमारा मार्गदर्शन करता है।

बिरला सोमवार को संसद भवन परिसर में 10वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र सम्मेलन के पूर्ण सत्र की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। । उन्होंने कहा कि सतत विकास और समावेशी शासन के लक्ष्य को प्राप्त करने में विधायी संस्थाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। बिरला ने आग्रह किया कि तकनीक के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए विधायी संस्थाएं विभिन्न मंचों पर चर्चा करें और जनकल्याणकारी योजनाओं को आकार दें।

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में जब प्रौद्योगिकी और संचार माध्यम लोगों के दैनिक जीवन का हिस्सा बन गए हैं, जनप्रतिनिधियों को लोगों की लोकतंत्र से बढ़ती आकांक्षाओं और अपेक्षाओं को पूरा करने के तौर-तरीके और साधन विधायी संस्थाओं के माध्यम से खोजने चाहिए।

## जेकेके में 45 दिवसीय आधुनिक रंगमंच का आयोजन

# युवा कलाकारों को लोक नाट्य की समृद्ध परंपरा से जोड़ने का प्रयास

**बेधड़क.जयपुर।** जयपुराइट्स ने गवरी नृत्य की बारीकियां जानी। गवरी मेवाड़ की एक प्राचीन परंपरा है। अपने आप में न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि समाज में पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक धरोहर के प्रति जागरूकता फैलाने का माध्यम है। मौका है जवाहर कला केन्द्र में 45 दिवसीय आधुनिक रंगमंच व गवरी लोक नाट्य शैली आधारित कार्यशाला का, जिसमें सोमवार को खास आयोजन हुए। इस विशेष कार्यक्रम में 40 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं, जो गवरी की अद्वितीय परंपराओं और रंगमंच की विविधताओं का अनुभव कर रहे हैं। कार्यशाला युवा कलाकारों को लोक नाट्य की समृद्ध परंपरा से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।



### प्रारंभिक स्तर से उन्नत तकनीकों तक का प्रशिक्षण

वरिष्ठ नाट्य विशेषज्ञों ने बताया, कि यह कार्यशाला प्रतिभागियों को प्रारंभिक स्तर से लेकर उन्नत तकनीकों तक का प्रशिक्षण देने के लिए डिजाइन की गई है। वे फिजिकल स्ट्रेंथ, एकाग्रता, कहानी, अभिनय और वॉइस मॉड्यूलेशन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। कार्यशाला में प्रतिभागियों को गवरी के गायन और नृत्य की मूल बातें सिखाई जा रही हैं। साथ ही मास्क निर्माण, पात्रों की पहचान और वेशभूषा पर भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



### शिव-पार्वती की ऐतिहासिक कथाओं को करता है प्रस्तुत

गवरी लोकनाट्य के प्रशिक्षक गणेश लाल भील ने बताया कि गवरी शिव और पार्वती की ऐतिहासिक कथाओं को प्रस्तुत करता है, जिसमें समाज में देवीत्व स्थापित करने का संदेश है। कार्यशाला का उद्देश्य न केवल प्रतिभागियों को कला का प्रशिक्षण देना है, बल्कि उन्हें सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना है। वे हरे पेड़ों की रक्षा और जीवों की सेवा के महत्व को भी समझेंगे। कार्यशाला गवरी जैसी विरासत को पुनर्जीवित करने और आने वाली पीढ़ियों को संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण का सन्देश देने में सहायक होगी। गवरी के माध्यम से प्रतिभागी संघर्षों और बलिदानों की कहानियों को साझा करेंगे, जो समाज की सेवा और एकता का प्रतीक हैं। इसके लिए युवाओं में बहुत उत्साह है और वे विशेषज्ञों से इंटरेक्ट करने के साथ आपस में चर्चा करके अपने ज्ञान को बढ़ा रहे हैं।

## मुख्यमंत्री और पर्यटन सचिव का जताया आभार



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर को आईफा 2025 अवॉर्ड की मेजबानी के लिए चुना गया है। इस ऐतिहासिक आयोजन से राज्य के पर्यटन, आतिथ्य और सांस्कृतिक क्षेत्रों में प्रभाव पड़ने की उम्मीद है, जिससे रोजगार और आर्थिक विकास को नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर फैडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान (एफएचटीआर) और होटल्स एंड रेस्टोरेंट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (एचआरएआर) समेत टुरिज्म सेक्टर के स्टेक होल्डर्स ने उप-मुख्यमंत्री दिया कुमारी, पर्यटन सचिव रवि जैन और पर्यटन आयुक्त वी.पी. सिंह का आभार जताया। एफएचटीआर अध्यक्ष कुलदीप सिंह चंदेला ने कहा, कि "आईफा का जयपुर में आयोजन राज्य के पर्यटन उद्योग को नई पहचान देगा और वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठा को सुदृढ़ करेगा। वहीं एफएचटीआर वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह शाहपुरा और महासचिव वीरेंद्र सिंह ने इसे राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसरों का स्रोत बताया।

## शर्मा सिडनी में देंगे व्याख्यान



**बेधड़क. जयपुर।** सीए प्रकाश शर्मा सिडनी में आयोजित 13वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में व्याख्यान देंगे, जिसमें "भविष्य की ओर कदम: रणनीति, तकनीक, आर्थिक मूल्य और उत्पादकता" पर गहन चर्चा की जाएगी। सम्मेलन 26 और 27 सितंबर को सिडनी में होगा, जिसमें दुनिया भर से चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और विभिन्न उद्योगों के विशेषज्ञ भाग लेंगे। सीए प्रकाश शर्मा व्याख्यान में आईसीएआई की विभिन्न पहलों और आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर प्रकाश डालेंगे, जो पेशेवरों को वैश्विक परिदृश्य में प्रतिस्पर्धात्मक बनाए रखने के लिए आवश्यक हैं। उनका संबोधन मुख्य रूप से आधुनिक व्यापारिक रणनीतियों, तकनीकी विकास और आर्थिक मूल्य सृजन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर केंद्रित होगा। तेजी से बदलते वैश्विक व्यापारिक माहौल में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण होती जा रही है। इस संदर्भ में सदस्यों को तकनीकी प्रगति के साथ अपने कौशल को निरंतर अद्यतन करते रहना चाहिए ताकि वे भविष्य की चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना कर सकें। सिडनी में शर्मा विभिन्न नए कार्यक्रमों पर चर्चा करेंगे।

## City इवेंट्स

### जरूरतमंद बच्चों को बांटी स्कूल सामग्री



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर में आडवाणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। राजीव अरोड़ा और ट्रस्ट के लोगों ने शहर के जरूरतमंद बच्चों को पाठन सामग्री के साथ कुर्सियां, बिस्किट, चॉकलेट, नमकीन वितरित किए। इस अवसर पर अरोड़ा ने कहा कि बच्चों की शिक्षा में निवेश सर्वोत्तम निवेश है। इससे देश और समाज का नवनिर्माण होता है। आडवाणी चेरिटेबल ट्रस्ट के हितेश आडवाणी, सुनीता आडवाणी, अशोक सेवानी, अनूप टांक, हिमांशु शर्मा तथा अनेक जन उपस्थित रहे और बच्चों को उन्नत व खुशहाल जीवन की शुभकामनाएं प्रेषित की।

### कामिनी की मूर्तियों की प्रदर्शनी अगले माह



**बेधड़क. जयपुर।** मिट्टी से बनी मूर्तियों को अपनी कला से निखारने वाली कामिनी विरमानी अक्टूबर में जयपुर में एक प्रदर्शनी का आयोजन करेंगी। मिट्टी से बनी मूर्तियों को नई डिजाइन देने में विरमानी ने अपनी खास पहचान बना ली हैं। मूर्तियों में क्ले के जरिए उनकी आकृतियों को नया रूप देकर उन्हें सजीव बनाने का उन्हें हुनर हासिल है। कला के माध्यम से मूर्तियों को आकर्षित बनाने के काम से निरंतर जुड़ी रहती है। उन्होंने बताया की नई-नई कलात्मक मूर्तियों की प्रदर्शनी से लोगों का जुड़ाव बनाने की दिशा में उनका प्रयास है। इसमें विशेष तौर पर राजस्थानी चित्रकारी का ध्यान रखा गया है। विरमानी पिछले कई वर्षों से जयपुर में यह काम कर रही है। उनके काम को कई जगह सराहा गया है। उन्होंने हमेशा नवोदित कलाकारों को प्रोत्साहित किया है।

### भागवत में श्रद्धालुओं ने सुना वामन प्रसंग

**बेधड़क. जयपुर।** जयपुरवासियों ने गजगह समुद्र मंथन व वामन भगवान की कथा सुनी और उसके प्रसंगों से सीख ली। सांगानेर के गांव डाबला में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में सोमवार को चतुर्थ दिवस की बेला में वृंदावन से श्रीद्वारकेश सेवा संस्थान संरक्षक युवा संत आचार्य दिनेश चंद्र महाराज ने कथा सुनाई। कथा श्रवण करते हुए रामचरितमानस पर प्रकाश डाला व भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम राम का दिव्य चरित्र का वर्णन किया। साथ ही चंद्रवंश का वर्णन करते हुए भगवान कृष्ण के जन्म महोत्सव का आनंद लिया, जिसमें वृंदावन से संगीतज्ञों द्वारा शुमधुर भजनों पर भक्तों ने नृत्य करते हुए बधाईयों सुख लिया। इस मौके पर दिनेश महाराज ने कई रोचक किस्से-कहानियां भी सुनाईं, जिनको सुनकर श्रोता कभी भावुक तो कभी रोमांचित नजर आए। सभी ने जयकारों के बीच देर तक बैठकर सभी प्रसंगों और पर्णन को सुना और उनमें छुपी अच्छी बातों को अपने जीवन में उताराने का संकल्प लेते हुए युवा पीढ़ी को भी सीख लेने की बात कही।

## 57वीं अंतर रेलवे शूटिंग प्रतियोगिता शुरू

# जयपुर में 40 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा इंडोर स्टेडियम




**बेधड़क | जयपुर**

रेल व खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री रवनीत सिंह ने 57वें अंतर रेलवे शूटिंग प्रतियोगिता की शुरुआत जयपुर में की। उत्तर-पश्चिम रेलवे खेलकूद संघ के तत्वाधान में जगतपुरा शूटिंग रेंज में 27 सितंबर तक चलने वाली निशानेबाजी प्रतियोगिता के उद्घाटन में मंत्री ने खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गणपति नगर रेलवे कॉलोनी में 40.50 करोड़ रुपए की लागत से इंडोर स्टेडियम बनाने की घोषणा की। इस मौके पर महाप्रबंधक उत्तर-पश्चिम रेलवे, अपर महाप्रबंधक अशोक माहेश्वरी, रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड सचिव प्रेम लोचब, मंडल रेल प्रबंधक जयपुर विकास पुरवार तथा उत्तर पश्चिम रेलवे के अधिकारीगण, कर्मचारी व प्रतियोगिता में भाग लेने विभिन्न रेलवे से आए खिलाड़ी उपस्थित रहे। मंत्री ने बताया, कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए रेलवे अथक प्रयास कर रही है।

इसी उद्देश्य से गणपति नगर रेलवे कॉलोनी में 40.50 करोड़ रुपए की लागत से इंडोर स्टेडियम बनाया जाएगा। वहां बास्केटबॉल, वालीबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कुश्ती आदि खेलों के लिए सुविधा रहेगी। स्टेडियम 2 वर्ष में बनकर तैयार हो जाएगा। उन्होंने खिलाड़ियों को बचपन से ही सही प्रशिक्षण पर जोर दिया तथा स्कूल स्तर, जिला स्तर पर प्रतिभावान खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण देकर खेल के स्तर को बढ़ाने की बात कही। इससे पहले प्रेम लोचब ने विभिन्न राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में रेल कर्मचारी द्वारा प्राप्त की गई उपलब्धियों का विवरण दिया।

## माही संदेश 'काव्य-कलम' कार्यक्रम का आयोजन

# गीत, गजल, कविता व कला प्रेमियों के लिए सजी शाम



**बेधड़क | जयपुर**

गीत, गजल, कविता व कला को समर्पित शाम में जयपुराइट्स शामिल हुए। इसके लिए सरदार पटेल मार्ग पर "मालार्पण" में माही संदेश 'काव्य-कलम' कार्यक्रम के 24वें संस्करण का आयोजन किया गया। साहित्य व कला को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथि के रूप में ज्योतिषाचार्य डॉ. पुरुषोत्तम गौड़ ने शिरकत की।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी रचनाकारों ने खूबसूरत रचनाओं से कार्यक्रम को सफल व सार्थक बना दिया। कार्यक्रम में आमंत्रित शायर, कवि, कवयित्री के रूप में अमित कल्ला, अरुण ठाकर, जिन्दगी, डॉ. शालिनी यादव, मुकेश गुणीवाल, श्रुति छाया, अनुराग सोनी, विजेंद्र प्रजापत पॉटर, माला रोहित कृष्ण नंदन, रविंद्र गुरगुल ने बेहतरीन प्रस्तुति दी। इस अवसर पर मुकेश बड़ीवाल, कवि एसबी आहत, संतोष पुरस्वानी, 'संत' भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन का दायित्व कवि सूर्य प्रकाश उपाध्याय ने निभाया। अंत में "माही संदेश विंध्य कोकिल भैया लाल व्यास 'काव्य-कलम' सम्मान" दिया गया। स्पर्शः सुरक्षित बचपन के लिए एक अभिनव पहल के अन्तर्गत चंद्रिका बगरहट्टा (स्पर्श वॉलिंटियर) को सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए "माही संदेश-प्रेमा माथुर-प्रेरणा पुरस्कार" दिया गया। सुधीर माथुर ने बताया कि माही संदेश 'काव्य-कलम' कार्यक्रम का आयोजन मालार्पण में किया जाता है, जिसमें साहित्य-समाज व कला जगत की हुनरमंद प्रतिभाएं शिरकत करती हैं।

## भारतीय सिंधु सभा राजस्थान न्यास | सिंधी भाषा के संवर्धन और विकास के लिए कार्यशाला आयोजित

# सिंधी समाज में आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर

**बेधड़क | जयपुर**

भारतीय सिंधु सभा राजस्थान न्यास की ओर से राज्य स्तरीय सिंधी शिक्षा मित्र आमुखी करण कार्यशाला का आयोजन मालवीय नगर स्थित पाथेय भवन में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अटल बिहारी वाजपेई हिंदी विश्वविद्यालय भोपाल के पूर्व कुलपति मोहनलाल छीपा ने कहा कि सिंधी समाज में आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। नई पीढ़ी को सिंधी भाषा और संस्कारों से जोड़ा जाना चाहिए। सिंधी भाषा के संवर्धन और विकास के लिए इस तरह के प्रयास होते रहने चाहिए।




कार्यक्रम की अध्यक्षता नारायण दास नाजवानी ने की। न्यास अध्यक्ष मोहन लाल वाधवानी ने कहा कि भारत सरकार की राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद की सिंधी लैंग्वेज लर्निंग कोर्स स्कीम के तहत भारतीय सिंधु सभा राजस्थान न्यास द्वारा राजस्थान के 4276 युवाओं को हिंदी एडवांस डिप्लोमा, सिंधी डिप्लोमा व सिंधी सर्टिफिकेट कोर्स का अध्ययन 167 सिंधी शिक्षामित्रों के द्वारा कराया जाएगा।

### 29 को राजस्थान में होगा उद्घाटन

सचिव ईश्वर मोरवानी ने बताया कि राजस्थान में 29 सितंबर को कक्षाओं का उद्घाटन होगा। कार्यशाला में कक्षाओं के संचालन संबंधी आवश्यक निर्देश दिए गए। कक्षाओं में रोचकता बनी रहे और सिंधी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए किए जाने वाले प्रयासों की चर्चा हुई। संयोजक डॉक्टर प्रदीप गेहानी और दीपेश सामनानी ने बताया कि आयोजित होने वाली कक्षाओं के पर्यवेक्षण के लिए लगभग 45 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। कार्यक्रम संयोजक नवल किशोर गुरनानी और गिरधारी लाल ज्ञानानी ने बताया कि कार्यशाला में 20 जिलों से 155 सिंधी शिक्षा मित्र और 38 सुपर वाइजर उपस्थित हुए। शिक्षा मित्रों को न्यास द्वारा कक्षाओं से जुड़ी सामग्री और पुस्तकें दी गईं। राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद द्वारा प्रकाशित पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व पुलिस उपाधीक्षक विष्णु देव सामतानी ने महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए। कार्यक्रम में डॉक्टर कैलाश शिवलानी, तुलसी संगतानी, मूलचंद बसंतानी, नारायण परनानी, कोकिलाबेन, हिना सामनानी सहित कई उपस्थित रहे।



जीवन का आनंद ना तो भूतकाल में है और ना भविष्यकाल में। बल्कि जीवन तो बस वर्तमान को जीने में है।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### इजराइल ने लेबनान पर किया हमला, 400 से ज्यादा घायल

# 300 ठिकानों पर भीषण बमबारी...270 की मौत







**एजेंसी** | बेरुत (लेबनान)

लेबनान पर इजराइली हमले जारी हैं। सोमवार को इजराइल ने लेबनान पर फिर से बड़ा हमला किया, जिसमें 270 लोगों की जान गई और 400 से अधिक लोग घायल हो गए। इजराइल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने बताया कि उसने हिजबुल्लाह के 300 से ज्यादा ठिकानों पर हमला किया। रिपोर्ट के मुताबिक, लेबनान के सिडोन के बाहरी इलाके में कम से कम तीन हमले किए गए हैं। इजराइल डिफेंस फोर्स के प्रवक्ता डेनियल हगारी ने कहा कि हमला करने से पहले इजराइल ने आसपास रहने वाले लोगों को घर खाली करने की चेतावनी दी थी। डेनियल हगारी ने बताया कि जिन ठिकानों को इजराइल ने निशाना बनाया है, उसमें हिजबुल्लाह के हथियार और रॉकेट छिपाकर रखे गए थे।

## क्या है इजराइल का प्लान?

इजराइल का प्लान बताते हुए प्रधानमंत्री नजीब मिकाती ने कहा कि इजराइल सिर्फ और सिर्फ लेबनानी गांवों और कस्बों को नष्ट करने पर उतरा हुआ है। प्रधानमंत्री नजीब मिकाती ने संयुक्त राष्ट्र से अपील करते हुए कहा कि वो इजराइल की आक्रामकता को रोकने के लिए आगे आए और उससे आग्रह करे। मिकाती ने आरोप लगाया कि इजराइल बेगुनाहों को निशाना बना रहा है जो एक अपराध है।

## 'अटूट नहीं है हमारा धैर्य'

इजराइल सरकार के प्रवक्ता डेविड मेनसर ने कहा कि इजराइल का धैर्य अटूट नहीं है। हिजबुल्लाह के साथ जारी झड़पों के बीच वो बोले, 'इजराइल पर हिजबुल्लाह ने 9,000 से अधिक रॉकेट दागे थे। 325 इजराइली घायल हुए, बच्चों सहित 48 लोगों की जान गई। आईडीएफ ही था जिसने हवाई हमले से पहले लेबनान के निवासियों से जगह खाली करने की अपील की थी।

## हमले को बताया नरसंहार

इजराइल बीते पांच दिनों से लेबनान पर हमले कर रहा है। लेबनान के अधिकारियों ने बताया कि इजराइल का ये हमला अक्टूबर के बाद से किए गए हमलों में सबसे ज्यादा घातक था। इजराइल के कार्यवाहक प्रधानमंत्री नजीब मिकाती ने इस हमले को नरसंहार बताया है। बेरूत में कैबिनेट बैठक में पीएम नजीब मिकाती ने कहा कि इजराइली हमलों का उद्देश्य लेबनान के कस्बों और गांवों को नष्ट करना है। इजराइल कह रहा है कि वो हिजबुल्लाह के हथियारों वाली इमारतो को निशाना बना रहा है। उसका लक्ष्य है खुद पर हमला होने से पहले उन हथियारों को नष्ट करना।

**पाकिस्तान:** रिमोट बम से उड़ाई वैन... पुलिसकर्मी की मौत

# 12 देशों के राजदूतों के काफिले पर अटैक

■ चार लोग घायल



**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के सर्वाधिक अशांत प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में बेखौफ आतंकवादियों ने रूस समेत 12 देशों के राजदूतों के काफिले को निशाना बनाया। दहशतगर्दों ने काफिले की एक पुलिस सुरक्षा वैन को रिमोट कंट्रोल बम से उड़ाने की कोशिश की। इस दौरान हुए धमाके में एक सिपाही की जान चली गई। पांच अन्य घायल हो गए। घायलों को सैदु शरीफ के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी विदेशी दूत सुरक्षित बताए जा रहे हैं। उन्हें खैबर पख्तूनख्वा के कड़ी सुरक्षा में इस्लामाबाद भेजा गया है।

स्थानीय पुलिस और विदेश कार्यालय के हवाले से कहा गया है कि 12 देशों के राजनयिक प्रतिनिधिमंडल के साथ मलम जब्बा से इस्लामाबाद लौट रहे थे। तभी उनकी सुरक्षा पुलिस वैन को निशाना बनाया गया। स्वात जिला पुलिस अधिकारी जाहिदुल्ला खान के अनुसार, इस वैन को विस्फोटक उपकरण से निशाना बनाया गया। विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा है कि स्वात का दौरा करने वाले सभी राजनयिक हमले में सुरक्षित रहे और इस्लामाबाद लौट आए। पुलिस अधिकारी ने कहा कि घायल पुलिसकर्मियों को अस्पताल ले जाया गया। वहां उनमें से एक ने दम तोड़ दिया। उसकी पहचान कांस्टेबल बुरहान के रूप में हुई है। घायलों में सब इंस्पेक्टर सर जमीन खान, कांस्टेबल मोहम्मद खान, हुसैन गुल, अमानुल्लाह और ड्राइवर रहमतुल्लाह शामिल हैं। विस्फोट के बाद पुलिस और सुरक्षा बलों की एक बड़ी टुकड़ी ने इलाके की घेराबंदी की और जांच शुरू की। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह स्पष्ट नहीं है कि यह रिमोट कंट्रोल बम था या कोई समयबद्ध उपकरण। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने प्रांतीय पुलिस प्रमुख से रिपोर्ट मांगी है।

## राजनयिक थे हमले का निशाना

जिला पुलिस अधिकारी ने बताया कि विदेशी व्यक्तियों को इस्लामाबाद और स्वात चैंबर्स ऑफ कॉमर्स ने हस्तशिल्प और रत्नों सहित क्षेत्र के स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए आमंत्रित किया था। प्रतिनिधिमंडल में इंडोनेशिया, पुर्तगाल, कजाकिस्तान, बोस्निया, हर्जेगोविना, जिम्बाब्वे, रवांडा, तुर्कमेनिस्तान, वियतनाम, ईरान, रूस और ताजिकिस्तान के प्रतिनिधि शामिल थे।

## राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री ने की हमले की निंदा

राष्ट्रपति आसिफ जरदारी, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और गृहमंत्री मोहसिन नकवी ने हमले की निंदा की है। राष्ट्रपति भवन के बयान के अनुसार, जरदारी ने पुलिस कांस्टेबल को श्रद्धांजलि भी दी। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना भी व्यक्त की और विस्फोट में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। राष्ट्रपति ने कहा, आतंकवादी तत्व न केवल देश और राष्ट्र के बल्कि मानवता के भी दुश्मन हैं।

## किसी ने नहीं ली जिम्मेदारी

गंडापुर ने बताया कि राजनयिक मिंगोरा में चैंबर ऑफ कॉमर्स में एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद मालम जब्बा जा रहे थे। इसी दौरान शेराबाद के उपनगरीय इलाके में विस्फोट हुआ। हमले की किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है। पाकिस्तान में विदेशी मिशन के सदस्यों पर हमले का ये पहला मामला नहीं है। इसी 30 जुलाई को डेरा इस्माइल खान में संयुक्त राष्ट्र के एक वाहन पर गोलीबारी की गई थी।

**30 सितंबर को संभालेंगे पदभार**

# पाक ISI के नए चीफ बने मलिक





**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई को नया चीफ मिल गया है। लेफ्टिनेंट जनरल मुहम्मद असीम मलिक को इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) का डीजी नियुक्त किया गया है। सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने सोमवार को यह जानकारी दी है।

असीम मलिक वर्तमान में रावलपिंडी में सेना मुख्यालय (जीएचक्यू) में एडजुटेंट जनरल के पद पर काम कर रहे हैं, अब उनको आईएसआई का डीजी बनाया गया है। मुहम्मद असीम मलिक 30 सितंबर को आईएसआई प्रमुख के तौर पर अपना कार्यभार संभालेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, असीम मलिक लेफ्टिनेंट जनरल नदीम अंजुम की जगह लेंगे। नदीम 2021 से डीजी आईएसआई के रूप में कार्यरत हैं और उन्हें 2023 में एक साल का विस्तार दिया गया था। अंजुम को वाशिंगटन डीसी में पाकिस्तान के राजदूत बनाए जाने की चर्चा है। लेफ्टिनेंट जनरल मलिक पूर्व में बलूचिस्तान में पैदल सेना डिवीजन और वजीरिस्तान में एक पैदल सेना ब्रिगेड की कमान संभाल चुके हैं और अपने काम के लिए कई अवॉर्ड भी पा चुके हैं। मलिक की पढ़ाई का बात की जाए तो वह अमेरिका में फोर्ट लीवेनवर्थ और लंदन में रॉयल कॉलेज ऑफ डिफेंस स्टडीज से पढ़े हैं।

## शानदार कॅरिअर के लिए बनाई मलिक ने अपनी पहचान

पाकिस्तानी फौज में मलिक का कॅरिअर काफी अच्छा रहा है। उन्होंने पहले बलूचिस्तान और वजीरिस्तान में सेना ब्रिगेड की कमान संभाली है। ये दोनों ही क्षेत्र पाकिस्तानी सरकार के लिए चुनौतीपूर्ण रहे हैं। अपनी शैक्षणिक और नेतृत्व क्षमता के लिए जाने जाने वाले लेफ्टिनेंट जनरल असीम को उनके सैन्य प्रशिक्षण के दौरान प्रतिष्ठित स्वोर्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया था।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर दी बधाई**

# दिसानायके ने संभाली श्रीलंका की कमान

**एजेंसी** | कोलंबो



राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल करने वाले नेशनल पीपुल्स पावर के नेता अनुरा कुमार दिसानायके ने सोमवार को देश की बागडोर संभाल ली। उन्होंने राष्ट्रपति सचिवालय में श्रीलंका के नौवें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली।

56 वर्षीय दिसानायके के निर्वाचित होने पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स हैंडल पर उन्हें बधाई दी। श्रीलंका के समाचार पत्रों ने अनुरा कुमार दिसानायके की जीत को शानदार तरीके से प्रस्तुत किया है। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'अनुरा कुमार दिसानायके आपको श्रीलंका के राष्ट्रपति चुनाव में जीत पर बधाई। भारत की पड़ोस प्रथम नीति और विजन सागर में श्रीलंका का विशेष स्थान है। मैं अपने लोगों और पूरे क्षेत्र के लाभ के लिए सहयोग को और मजबूत करने के लिए आपके साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हूं।'

उधर, चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद दिसानायके ने कहा कि ऐसा पहली बार है कि चुनाव के बाद हिंसा बहुत कम हुई है। अब चुनाव कराने के तरीके में बदलाव की जरूरत है। जीत का जश्न मनाने के तरीके में भी बदलाव होना चाहिए। उन्होंने चुनाव परिणाम की आधिकारिक घोषणा के बाद अपने प्रतिद्वंद्वियों की मौजूदगी में लोगों को संबोधित किया। दिसानायके ने कहा कि जीत का जश्न मनाने की संस्कृति जो हारने वाले के मन में डर पैदा करती है, उसे खत्म किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे देश के हित के लिए अन्य दलों के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार हैं। बेहतर राजनीतिक संस्कृति बनाने की जिम्मेदारी सभी की है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl